


# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com
कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा

वर्ष 36 अंक 154 | कोरबा, गुरुवार, दिनांक 06 मार्च 2025 डाक 07 मार्च 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए

**विविधा**
लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से बातचीत की



**देश-विदेश**
पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, शादी में शामिल होने गए 4 दोस्तों की मौत



**फीचर पेज**
शैंपू से सिर धोने के दो दिन बाद ही बाल चिपचिपे लगते हैं? अपनाएं ये तरीके



# उत्तराखंड के पहाड़ों का घाम तापो पर्यटन होगाः पीएम

**नईदिल्ली, 06 मार्च [एजेंसी]।**

उत्तराखंड में शीतकालीन पर्यटन को प्रोत्साहन देने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज गुरुवार को उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के दौरे पर रहेंगे। वह पहले देहरादून के जौलीग्रांट एयरपोर्ट पहुंचे। यहां से वह उत्तरकाशी के हर्षिल पहुंचे। उन्होंने गंगोत्री धाम के शीतकालीन गद्दी स्थल मुखवा में पूजा-अर्चना की। पीएम मोदी ने कहा- फिल्म इंडस्ट्री के लिए उत्तराखंड पूरे भारत की फेवरेट डेफिनेशन बन सकता है। 1962 में जादूंग और नेलांग को विस्थापित किए, अब फिर गांव को बसाया जा रहा है। उत्तराखंड के बार्डर गांव के पर्यटन का विकास होगा। इन गांवों के लिए वाइब्रेंट विलेज योजना शुरू की गई है। होम स्टे बनाने वालों को मुद्रा लोन दिया जा रहा है। देवभूमि से पूरे देश के लोगों युवाओं से आग्रह करता हूं कि जब देश भर कोहरा लगा रहता है तब उत्तराखंड के पहाड़ों में चटक धूप होती है। यह घाम तापो पर्यटन होगा।

365 दिन के पर्यटन से लोगों को उत्तराखंड की दिव्य अनुभूति का अनुभव होगा। दस साल में चारधाम रोड, रेलवे, विमान हैलीकाप्टर सहित अन्य विकास कार्य हुए हैं। गौरीकुंड केदारनाथ और गोविंदघाट हेमकुंड



रोपवे योजना से यात्रा आसान और सरल हो जाएगी। इसके उत्तराखंड सहित देशवासियों को बधाई।सर्दियों में होटल होमस्टे खाली पड़े रहते हैं, इससे आर्थिक असंतुलन हो जाता है। अगर शीत काल के समय आएं तो उत्तराखंड की सही अनुभूति होती है।अपने टूरिज्म सेक्टर को बाराहमासी बना बहुत जरूरी है। अब कोई सीजन आफ सीजन नहीं होगा। आन सीजन होगा। जिन संकल्पना को लेकर उत्तराखंड बना था वह संकल्प आज पूरे हो रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि जब केदारनाथ गए तो मैं बोल पड़ा था यह उत्तराखंड का दशक होगा यह शक्ति बाबा केदार ने दी है। वह भाव सच्चाई में बदल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा गंगा के आशीर्वाद से काशी तक पहुंचा हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा यहां आप सब अपने परिवारजनों से मिलकर मैं धन्य हो गया। प्रधानमंत्री ने गढ़वाली बोली में संबोधन शुरू किया। प्रधानमंत्री ने माणा गांव में हुए हादसे पर दुःख व्यक्त किया।

सीएम धामी ने कहा प्रधानमंत्री के आने से शीतकालीन पर्यटन, ट्रैकिंग व माउंटेनियरिंग को बढ़ावा मिलेगा। सदियों बाद भारत को विश्व गुरु बनाया है, पीएम मोदी के रूप में हमने देवदूत को पाया है।सीएम पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि 481 करोड़ रुपए की लागत से गौरीकुंड केदारनाथ और 2730 लगात से गोविंदघाट हेमकुंड रोपवे योजना से यात्रा आसान और सरल हो जाएगी। मुख्यमंत्री पुष्कर धामी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को मफलर भेंट किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का संबोधन शुरू हुआ। पीएम मोदी ने मोटर बाइक रैली को दिखाई हरी झंडी मुखवा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्थानीय ग्रामीणों का अभिवादन किया। साथ ही व्यू प्वाइंट से हिमालय को निहारा।



## तमिलनाडु : सेंथिल बालाजी के दोस्तों के घर छापेमारी

**चेन्नई, 06 मार्च [एजेंसी]।**

प्रवर्तन निदेशालय के कर्मचारी गुरुवार सुबह से ही मंत्री सेंथिल बालाजी के करूर और चेन्नई स्थित दोस्तों के घरों पर छापेमारी कर रहे हैं। छापेमारी केंद्रीय बलों की सुरक्षा में की जा रही है। तमिलनाडु के बिजली, मद्य निषेध और आबकारी मंत्री वी. सेंथिल बालाजी करूर जिले के डीएमके सचिव भी हैं। वे 2011 से 2015 तक एआईएडीएमके शासन के दौरान परिवहन मंत्री थे। उस समय चेन्नई सेंट्रल क्राइम ब्रांच पुलिस ने 2018 में परिवहन क्षेत्र में नौकरी दिलाने का वादा कर कई लाख रुपये की ठगी करने का मामला दर्ज किया था। इस घोटाले में अवैध धन हस्तांतरण की शिकायत के आधार पर प्रवर्तन निदेशालय ने भी एक नया मामला दर्ज कर जांच की। सेंथिल बालाजी ने सेंट्रल क्राइम ब्रांच के मामले को रद्द करने और प्रवर्तन निदेशालय की जांच पर रोक लगाने के लिए हाईकोर्ट में अपील की और सेंट्रल क्राइम ब्रांच के मामलों को रद्द कर दिया गया। प्रवर्तन निदेशालय की जांच पर रोक लगा दी गई। इस मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपील दायर की गई थी। सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में केंद्रीय अपराध शाखा द्वारा जारी आदेश को रद्द करते हुए प्रवर्तन निदेशालय को जांच की अनुमति देने का फैसला सुनाया। उन्हें 2023 में प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने गिरफ्तार किया था। उस समय प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग के अधिकारियों ने उनके भाई के घर और उनके समर्थकों के घरों पर छापेमारी की थी। इस बीच, मंत्री सेंथिल बालाजी को हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने जमानत पर रिहा कर दिया है। इस स्थिति में, प्रवर्तन अधिकारी करूर पलानीप्पा नगरी में छापेमारी कर रहे हैं, जहां सेंथिल बालाजी के समर्थक और लोक निर्माण ठेकेदार एम.सी. शंकर रहते हैं, और करूर रायनूर के निवासी कोंगू मेस मणि और करूर अथुर डिवीजन के पास कोडाई नगर के निवासी शक्ति मेस शक्तिवेल, जो बिजली मंत्री सेंथिल बालाजी के समर्थक माने जाते हैं।

## काउंटी ग्रुप के 30 ठिकानों पर आयकर विभाग की रेड, दिल्ली में भी कार्रवाई

**नईदिल्ली 06 मार्च।** आयकर विभाग ने काउंटी ग्रुप के दिल्ली-एनसीआर और कोलकाता में 30 स्थानों पर छापेमारी की। यह संभावना है कि यह जांच दो से तीन दिनों तक जारी रहेगी। काउंटी ग्रुप पर आरोप है कि वह फ्लैट की कीमत का एक बड़ा हिस्सा नकद में लेता है, शेल कंपनियों के माध्यम से काले धन को सफेद करता है और जमीन नकद में खरीदता है। आयकर विभाग की 30 से अधिक टीमों ने नोएडा के सेक्टर-135 में स्थित एक बिल्डर के कॉरपोरेट कार्यालय और परियोजनाओं पर, साथ ही दिल्ली और गुरुग्राम सहित अन्य स्थानों पर, सुबह आठ बजे से छापेमारी आरंभ की, जो देर रात तक चलती रही। इस कार्रवाई के दौरान बिल्डर समूह से संबंधित सभी व्यक्तियों के मोबाइल फोन जब्त कर लिए गए, और कई महत्वपूर्ण दस्तावेज भी बरामद किए गए, जिनमें बैंक खातों, लैपटॉप की हार्ड डिस्क, संपत्ति के कागजात और लेन-देन से संबंधित दस्तावेज शामिल हैं।

## बब्बर खालसा का खूंखार आतंकी यूपी के कौशांबी से गिरफ्तार, 3 हैंड ग्रेनेड 2 डेटोनेटर और 13 कारतूस बरामद

**कौशांबी।** बब्बर खालसा इंटरनेशनल और आईएसआई मॉड्यूल के सक्रिय आतंकवादी, पंजाब के अमृतसर निवासी लाजर मसीह को गुरुवार की सुबह यूपी एसटीएफ और पंजाब पुलिस के ज्वॉइंट ऑपरेशन में गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आतंकवादी बब्बर खालसा इंटरनेशनल के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता है और पाकिस्तान स्थित आईएसआई के गुर्गों के साथ सीधे संपर्क में है।



यूपी एसटीएफ के मुताबिक, आतंकी के पास से 3 सक्रिय हैंड ग्रेनेड, 2 सक्रिय डेटोनेटर, 13 कारतूस और 1 विदेशी पिस्टल सहित अवैध हथियार और विस्फोटक बरामद हुए हैं। आतंकी के पास से गाजियाबाद के पते वाला आधार कार्ड, बिना सिम कार्ड वाला एक मोबाइल फोन भी बरामद हुआ है। यह आतंकवादी पिछले साल 24 सितंबर को पंजाब में न्यायिक हिरासत से फरार हो गया था। एसटीएफ के अनुसार, लाजर बीकेआई के जर्मन-आधारित मॉड्यूल के प्रमुख स्वर्ण सिंह उर्फ जीवन फौजी के लिए काम करता था। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के सीधे संपर्क में था। पकड़े गए आतंकी की पहचान लाजर मसीह के रूप में हुई है। यह पंजाब के अमृतसर जिले के माकोवाल क्षेत्र के थाना रामदास स्थित कुर्लीयान गांव का रहने वाला है।

## दिल्ली विरोध प्रदर्शन के समर्थन में तमिलनाडु के किसानों ने की भूख हड़ताल



**तमिलनाडु, 06 मार्च [एजेंसी]।**

संयुक्त किसान मोर्चा (एसएमके) की तमिलनाडु इकाई ने कृषि उत्पादों के लिए एमएसपी को वैध बनाने की मांग को लेकर दिल्ली में चल रहे विरोध प्रदर्शन के समर्थन में भूख हड़ताल की। एमएसपी को वैध बनाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर एसएमके द्वारा 26 नवंबर 2024 से दिल्ली में विरोध प्रदर्शन किए जाने के बावजूद केंद्र सरकार असामान्य चुप्पी साधे हुए है।

बाद में 19 और 22 फरवरी को केंद्रीय मंत्रियों द्वारा प्रदर्शनकारी किसानों के साथ वार्ता आयोजित की गई, लेकिन फिर भी एमएसपी पर कोई आश्वासन नहीं दिया गया और किसानों ने अपना विरोध तेज कर दिया और देश भर के किसानों से समर्थन मांगा। एसएमके नेता जगजीत सिंह दल्लेवाल की भूख हड़ताल 100 दिनों से अधिक समय से जारी रहने के बावजूद केंद्र सरकार की असामान्य चुप्पी देश भर के किसानों को हैरान करती है। अगर उन्हें कुछ हुआ तो पूरे देश में अकल्पनीय दंगे होंगे, एसएमके, तमिलनाडु इकाई के अध्यक्ष पीआर पांडियन ने चेतावनी दी।

## दरभंगा में कपड़ा व्यवसायी सहित दो लोगों पर जानलेवा हमला

### अपराधियों ने बरसाई गोली, इलाके में मचा हड़कंप



**दरभंगा।** दरभंगा जिले के एपीएम थाना क्षेत्र के बलहा गांव में देर रात लगभग दो बजे बदमाशों ने कपड़ा व्यवसायी अमित कुमार सहित उनके चालक को गोली मार दी। दोनों को गंभीर स्थिति में दरभंगा शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कपड़ा व्यवसायी के सीने में गोली लगी है। उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है । वहीं, चालक को पैर में गोली लगी है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है। व्यवसायी पर हमले के बाद नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान चलाया गया, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। बताया जाता है कि कपड़ा व्यवसायी मनोज महथा के पुत्र अमित कुमार सहित उनके चालक अशोक कुमार को बदमाशों ने दुकान में घुसकर गोली मारी है।

## लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग, जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान सुरक्षा में चूक पर भारत



**नईदिल्ली, 06 मार्च [एजेंसी]।**

भारत ने विदेश मंत्री एस जयशंकर की ब्रिटेन यात्रा के दौरान सुरक्षा संबंधी उल्लंघन की निंदा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि हम चरमपंथियों के एक छोटे समूह की उकसावे की गतिविधियों की निंदा करते हैं। हम कुछ तत्वों द्वारा लोकतांत्रिक स्वतंत्रता का दुरुपयोग किए जाने की निंदा करते हैं। हम अपेक्षा करते हैं कि मेजबान सरकार ऐसे मामलों में अपने कूटनीतिक दायित्वों का निर्वहन करेगी।

## *कांकेर में एनआईए ने छापेमारी कर 4 लोगों को उठाया*

***कांकेर।*** *जिले के नक्सल प्रभावित आमाबेड़ा क्षेत्र में राष्ट्रीय जांच एजेंसी की दबिश जारी है। ताजा कार्रवाई में एनसीआर की टीम ने 4 लोगों को हिरासत में लिया है। सूत्रों के अनुसार, हिरासत में लिए गए लोगों में अंतागढ़ जनपद के निवर्तमान उपाध्यक्ष भी शामिल हैं, जिनसे पूछताछ की जा रही है। माना जा रहा है कि यह कार्रवाई नक्सल नेटवर्क और उससे जुड़े संदिग्धों के खिलाफ की जा रही है।*

## 90 दिन में 25 करोड़ दो नहीं तो जेल जाओगी, सोना घोटाले की आरोपी को सुप्रीम कोर्ट का अल्टीमेटम



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोना घोटाले की आरोपी नोहेरा शेख के मामले पर सुनवाई की। नोहेरा शेख हीरा गोल्ड एक्सिम प्राइवेट लिमिटेड की मैनेजिंग डायरेक्टर है। नोहेरा शेख पर 5,600 करोड़ रुपये के बड़े गोल्ड स्कैम का आरोप है। उन पर लाखों निवेशकों को धोखा देने का आरोप है, इस कारण कई राज्यों में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज हुई हैं। सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को आदेश दिया कि अगर वह 90 दिनों के अंदर निवेशकों से इकट्ठा की गई राशि का एक हिस्सा यानी 25 करोड़ रुपये वापस नहीं करती हैं, तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाए।

## दक्षिण कोरिया में अभ्यास के दौरान वायुसेना से बड़ी चूक, अपने ही देश में गिरा दिए 8 बम, कई लोग घायल

**सियोल, 06 मार्च [एजेंसी]।**

दक्षिण कोरिया में वायु सेना की गलती से बड़ी घटना घट गई। वायु सेना के एक प्रशिक्षण अभ्यास के दौरान गुरुवार को फाइटर जेट (केएफ-16) से गलती से आठ बम गिर गए। इस घटना में 15 लोग घायल हो गए। वायु सेना ने इस हादसे की जानकारी दी।

वायु सेना के अनुसार,यह घटना तब हुई जब केएफ-16 लड़ाकू विमान से आठ एमके-



82 बम अनजाने में छूट गए। सभी बम निर्धारित फायरिंग रेंज से बाहर जा गिरे। गनीमत रही कि कुछ नागरिकों को ही चोटें आई और कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। वायु सेना ने स्पष्ट किया कि यह एक मानवीय या तकनीकी गलती थी, जिसकी जांच शुरू कर दी गई है। वायु सेना के प्रवक्ता ने बयान जारी करते हुए कहा, हमें इस घटना पर गहरा अफसोस है। हम प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताते हैं। घायलों की सटीक संख्या और नुकसान का आकलन अभी जारी है, लेकिन प्रारंभिक रिपोर्ट्स में कई लोगों के चोटिल होने की बात सामने आई है।

## गाड़ी पलटने से दूल्हे के छोटे भाई की मौत, दूल्हा-दुल्हन घायल

**गोहाना 06 मार्च।** रोहतक-पानीपत हाईवे स्थित गांव चिड़ाना के निकट नींद की झपकी आने पर सपारी गाड़ी पलट गई। हादसे में दूल्हे के छोटे भाई गोहाना में आदर्श नगर में रहने वाले रवि मान की मौत हो गई। दूल्हा गंभीर रूप से घायल हो गया और दुल्हन को भी चोटें आईं। वे शादी के बाद दुल्हन की यमुनानगर में उसके मायके में मिलाई कराकर लौट रहे थे। सदर थाना गोहाना की पुलिस जांच कर रही है। गोहाना के आदर्श नगर में रहने वाले सुरेंद्र मान के बड़े बेटे अंकित की तीन मार्च को यमुनानगर में रहने वाली लड़की के साथ शादी हुई थी। अंकित अपने छोटे भाई रवि मान के साथ अपनी पत्नी की मायके में मिलाई करवाने गया था।

## अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की हत्या, हमलावरों ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, दुकान में मिला शव

**हैदराबाद।** अमेरिका में एक और भारतीय की हत्या कर दी गई। तेलंगाना के 26 वर्षीय छात्र का गोलियों से छलनी शव मिला है। उनकी मौत किन परिस्थितियों में हुई यह अभी स्पष्ट नहीं है। इससे पहले भी अमेरिका में कई भारतीय छात्रों की हत्या हुई है। पिछले साल नवंबर में तेलंगाना के ही खम्मम के छात्र की हत्या हुई थी, वहीं इस साल जनवरी में हैदराबाद के छात्र की अमेरिका में कथित तौर पर गोली मारकर हत्या कर दी गई। छात्र के चचेरे भाई ने बुधवार को कहा, जी. प्रवीण विस्कान्सिन में एमएस की पढ़ाई कर रहे थे। अमेरिकी अधिकारियों ने परिवार को भारतीय समयानुसार बुधवार सुबह सूचित किया कि मौत का कारण आटोप्सी के बाद पता चलेगा, लेकिन प्रवीण के दोस्तों ने कहा कि शव गोलियों से छलनी मिला है। कुछ लोगों का कहना है कि प्रवीण की अज्ञात हमलावरों ने एक दुकान पर गोली मारकर हत्या कर दी, लेकिन मौत का कारण परिवार को नहीं पता है। अरुण ने कहा कि प्रवीण ने बुधवार तड़के अपने पिता को फोन किया, लेकिन वह सो रहे थे इसलिए वह फोन नहीं उठा सके। हैदराबाद में बीटेक की पढ़ाई करने वाले प्रवीण 2023 में एमएस करने के लिए अमेरिका गए थे।






स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
-: परामर्श का समय :- सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल M.B.B.S.D.V.D.(U.K) Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# जिला रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक हुई आयोजित

**सोसायटी के सदस्यता अभियान, आय-व्यय, विभिन्न सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर किया गया विचार विमर्श**

**कोरबा।** सचिव भारतीय सोसायटी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी द्वारा जिला रेडक्रास सोसायटी की प्रबंध समिति की बैठक आयोजित किया गया। बैठक में जिला रेडक्रास सोसायटी के सदस्यता अभियान, आय-व्यय के संबंध में विस्तार से चर्चा किया गया एवं विभिन्न सामाजिक सेवा, स्वास्थ्य से जुड़े विषयों पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में जूनियर/यूथ रेडक्रॉस सोसायटी का जिला/राज्य का अंशदान नियमित रूप से भेजने, जूनियर/यूथ रेडक्रास सोसायटी का अलग-अलग रजिस्टर संधारित करने , रेडक्रास दवा दुकानों का बकाया रकम दिसंबर 2025 तक जमा करने ,रेडक्रॉस दवा दुकानों का रिटेंडर, जन औषधि के तहत लाइसेंस प्राप्त रेडक्रॉस दवा दुकानों में जन औषधि की दवाओं की बिक्री सुनिश्चित करने, रेडक्रास सोसायटी के लिए नए सीए नियुक्ति, ब्लड बैंक में लैंडलाइन फोन लगाने, रेडक्रास सोसायटी का भवन निर्माण सहित अन्य विषयों पर चर्चा की गई।

साथ ही 8 मार्च महिला दिवस के अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान हेतु आवश्यक तैयारियां पूर्ण करने की बात कही गई। इस दौरान कटघोरा, जमनीपाली, निहारिका क्षेत्र, कोरकोमा, करतला, उरगा, भैंसमा एवं दर्री में रेडक्रास जन औषधि दवा दुकान खोलने के संबंध में चर्चा करते हुए बताया गया कि दवा दुकान के लिए जगह व फार्मासिस्ट की व्यवस्था दुकान संचालक द्वारा स्वयं किया जाएगा। रेडक्रास सोसायटी द्वारा उन दवा दुकानों की निगरानी की जाएगी। सीएमएचओ डॉ केशरी ने कहा कि उक्त स्थानों के अलावा अन्य क्षेत्रां में रेडक्रास जन औषधी केंद्र खोलने के इच्छुक व्यक्ति प्रस्ताव भेज सकते हैं। बैठक में समिति के चेयरमेन श्री राम सिंह अग्रवाल, कोषाध्यक्ष श्री राजेन्द्र प्रसाद तिवारी ,श्री राजेश बगडिया, जिला प्रतिनिधी श्री योगेश जैन सहित समिति के सदस्य अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

## कार्यकाल बढ़ाया गया शुक्ला का

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला को राज्य शासन ने एक वर्ष की सेवावृद्धि प्रदान की है। राज्य शासन के ऊर्जा विभाग से जारी आदेश के अनुसार उनकी सेवावृद्धि एक वर्ष या आगामी आदेश तक की गई है। श्री शुक्ला 28 फरवरी 2024 से ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। प्रबंध निदेशक श्री शुक्ला ट्रांसमिशन कंपनी में अपने मूल पद कार्यपालक निदेशक से इस वर्ष 31 जुलाई को अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त होते, लेकिन इस आदेश से उन्हें फरवरी 2026 तक का कार्यकाल प्राप्त हो गया है।

# 07 मार्च को प्लेसमेंट कैम्प का होगा आयोजन

**योग्य व इच्छुक उम्मीदवार योग्यता अनुसार रोजगार के अवसर कर सकते है प्राप्त**

**कोरबा ।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में 07 मार्च 2025 को प्लेसमेंट का आयोजन किया जा रहा है। प्लेसमेंट कैम्प के माध्यम से एनआईआईटी लिमिटेड द्वारा निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित बैंकों में विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। जिसके अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक में रिलेशनशिप मैनेजर के क्रमशः 20 व 10 पद, एचडीएफसी बैंक में वर्चुअल रिलेशनशिप मैनेजर के 10 पद शामिल है। उपरोक्त पदों में भर्ती हेतु आवेदकों को शैक्षणिक योग्यता 10वीं , 12वीं एवं स्नातक में 50 प्रतिशत अंकों से उत्तीर्ण होना आवश्यक हैं। उक्त पदों हेतु वेतन 22 हजार से 36 हजार रुपए निर्धारित है। आईसीआईसीआई एवं एचडीएफसी बैंक में चयन के लिए आयु सीमा 18 से 25 वर्ष तथा एक्सिस बैंक के लिए 18-30 वर्ष निर्धारित है। उपरोक्त रिक्त पदों का कार्यस्थल छत्तीसगढ़ राज्य है। इच्छुक एवं योग्य उम्मीदवार अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्रो के साथ 07 मार्च को सुबह 11 बजे से 3 बजे तक कार्यलय जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, कोरबा उपस्थित होकर अपने योग्यतानुसार रोजगार प्राप्त कर सकते है।

# 10वीं अंग्रेजी विषय का परीक्षा हुआ संपन्न

**निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केंद्रों का किया जा रहा निरीक्षण**

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा संचालित परीक्षा वर्ष 2025 के अंतर्गत 10वीं की परीक्षा प्रारम्भ हो गया है। जिले में परीक्षा के दौरान अनुचित साधनों पर नियंत्रण लगाने हेतु शिक्षा विभाग द्वारा विभिन्न दलों का गठन कर परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया जा रहा है। 05 मार्च 2025 को हाई स्कूल के अंग्रेजी विषय की परीक्षा सम्पन्न हुई। परीक्षा हेतु बच्चों की दर्ज संख्या 13,101 उपस्थित 12711 एवं अनुपस्थित बच्चों की संख्या 390 है। हाई स्कूल परीक्षा हेतु गठित जिला स्तरीय निरीक्षण दल क्र. 1 द्वारा आदर्श बालको, सेजेस बालको, शा.उ.मा.वि. बालको का, दल क्र. 2. द्वारा शा.उ.मा.वि. रजगामार, शा.उ.मा.वि. कोरकोमा, शा.उ.मा.वि. मदनपुर, शा.उ.मा.वि. कुदमुरा, सेजेस करतला ,शा.उ.मा.वि. नोनबिर्रा का, दल क्र. 3 द्वारा शा.उ.मा.वि. उरगा, शा.उ.मा.वि. सरगबुंदिया, शा.उ.मा.वि. कोथारी, शा.उ.मा.वि. फरसवानी, शा.उ.मा.वि. बरपाली का, दल क्र. 4 द्वारा निर्मला कोसाबाड़ी, सरस्वती सीतामणी, ज्योति मिशन, सेजेस एन.सी.डी.सी., सरस्वती बुधवारी, विद्युत गृह क्र. 1 का, दल क्र. 5 द्वारा सेजेस कुसमुंडा, शा.उ.मा.वि. भिलाई बाजार, शा.उ.मा.वि. हरदी बाजार, सेजेस हरदी बाजार, सेजेस उतरदा कुल 25 परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। सभी परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्वक परीक्षा संचालित हुआ एवं एक भी नकल प्रकरण नहीं प्राप्त हुआ।

# सुपर-30 ने गरीबों की बढ़ती आकांक्षाओं को समझने में मदद की, संस्थापक आनंद ने प्रेस से बात की

**कोरबा।** शिक्षा के क्षेत्र में अधिक से अधिक छात्रों तक पहुंचने के लिए उपलब्ध तकनीक को अपनाया होगा। यह समय की जरुरत हो गई है। सुपर-30 ने मुझे गरीबों की बढ़ती आकांक्षाओं को समझने में मदद की और जो छात्र पास हुए उनमें से कई ने शिक्षा की शक्ति के कारण पीढ़ीगत बदलाव के बारे में उज्वल प्रदर्शन किया। शिक्षा को हर जरूरतमंद तक पहुंचाने के लिए जल्द ही एक नया ऑनलाइन शैक्षणिक प्लेटफार्म लॉन्च किया जाएगा, जो उनकी अग्रणी सुपर-30 पहल का एक विस्तारित संस्करण होगा।

उक्त बातें सुपर-30 के संस्थापक व पद्मश्री आनंद कुमार ने कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में शिक्षा का स्तर सुधारने प्रदेश सरकार प्रयास कर रही है। इसके लिए सरकारी स्कूलों के शिक्षकों को भी समय समय पर अनुभवी शिक्षकों द्वारा प्रशिक्षित किए जाने की योजना



बनाई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि बेहतर शिक्षा के लिए यहां के बच्चों को भी जोड़ने की कवायद को लेकर रायपुर डीएम (कलेक्टर) के साथ साथ प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी से उनकी चर्चा हुई है। इस दिशा में सभी के प्रयास से जल्द ही काम शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही सरकारी स्कूलों में पढ़ाने वाले शिक्षकों को भी प्रशिक्षित किया जाएगा ताकि वे अपने स्कूल में बच्चों को आज की आधुनिक शिक्षा प्रणाली से जोड़ सकें।

# पंचायत चुनाव को लेकर लापरवाही दिखाने वाले कर्मियों की रोकी जाएगी वेतन वृद्धि

**कोरबा।** त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2025 के तृतीय चरण मतदान के अंतर्गत खण्ड कटघोरा के चुनाव सामग्री वितरण दिनांक 22 फरवरी 2025 को बिना सूचना के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने वाले मतदान कर्मचारियों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत कोरबा श्री दिनेश नाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था। इस संबंध में कर्मचारियों द्वारा जवाब प्रस्तुत किया गया, जिसमें 6 कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोष जनक नहीं होने के कारण उन कर्मचारियों का एक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए है। कटघोरा के चुनाव सामग्री वितरण में अनुपस्थित मतदान कर्मियों के अंतर्गत विकासखण्ड कोरबा के प्राथमिक शाला उपरपारा चचिया के सहायक शिक्षक श्री विरेन्द्र कुमार खैरवार, प्राथमिक शाला गोकुल नगर के सहायक शिक्षक श्री विमल पाटले, प्राथमिक शाला धौराभांठा के सहायक शिक्षक श्री महेंद्र कुमार राठौर, प्राथमिक शाला बेंगचूलभांठा के सहायक शिक्षक श्री हितेन्द्र कुमार रात्रे, विकासखण्ड कटघोरा के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरी के सहायक ग्रेड 03 श्री अभिषेक सिंह राठौर एवं विकासखण्ड पाली के सेजेस तिवरता के व्याख्याता श्री रामकुमार चन्द्रा शामिल है। इनका एक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोका गया है।

# बिजली चोरी का आरोपी, 65 हजार रु. का जुर्माना लगाया

**कोरबा।** विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम सत्येन्द्र कुमार साहू ने बिजली चोरी के मामले में आरोपी पर 65 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। राशि जमा नहीं करने पर 4 माह का कारावास और धारा 138 विद्युत अधिनियम के तहत 5 हजार रुपए अर्थदंड लगाया है। राशि जमा नहीं करने पर एक माह सजा का आदेश दिया है। नगर निगम के ढोढ़ीपारा भैंसखटाल निवासी पंकज मोदी के यहां 7 अगस्त 2019 को बिजली विभाग ने जांच की थी। इसमें बिजली चोरी करना पाया था। बिजली वितरण कंपनी ने अपने अधिकृत अधिवक्ता दीपक बजाज के माध्यम से विशेष न्यायाधीश विद्युत अधिनियम कोरबा के समक्ष परिवाद दायर किया था। सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश ने पंकज मोदी पर 65 हजार अर्थदंड से दंडित किया। बिजली चोरी के मामले में इस कार्रवाई से लोगों में हड़कंप मच गया है।

# प्रधानमंत्री सड़क खस्ताहाल आवाजाही में परेशानी हो रही

**कोरबा ।** पाली ब्लॉक के ग्राम पंचायत कोरबी की प्रधानमंत्री सड़क की हालत बेहद खराब हो चुकी है। ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और आसपास के गांवों के लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी हो रही है। यह सड़क कई सालों से जर्जर है, लेकिन मरम्मत के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया। कोरबी बस्ती से धतूरा, मुड़ापार तक यह प्रधानमंत्री सड़क करीब 4-5 साल पहले ही खराब हो गई थी। ग्रामीण लगातार इसकी मरम्मत की मांग कर रहे हैं। सामान्य दिनों में लोग किसी तरह सफर कर लेते हैं, लेकिन बारिश में सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है।

# स्वच्छता की स्थिति और अच्छा करने हो रहा प्रयास

**कोरबा।** निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय ने स्वच्छता जागरूकता अभियान के अंतर्गत गली-गली, घर-घर पहुंचकर लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता जागरूकता से संबंधित पोस्टर पम्पलेट वितरित कर उनसे अपीलकरी कि आईए अब तक अपने घर को साफ रखा, अब अपने शहर को साफ करें, न तो खुद गदंगी करें और न ही किसी अन्य व्यक्ति को गदंगी करने दें। उन्होने आग्रह किया कि घरों से निकले कचरे को नाली, सड़क व सार्वजनिक स्थान पर न डालें, दुकानों, ठेलों, गुमठियों में अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखें। इस मौके पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा के साथ ही निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा स्वच्छता अभियान के तहत सीतामणी व अयोध्यापुरी वार्ड में स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया, वहीं दूसरी ओर इन दोनों वार्डो में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर एक अभियान के रूप में साफ-सफाई के कार्य भी कराए गए। आयुक्त आशुतोष पांडेय ने स्वच्छता जागरूकता अभियान में भाग लेते हुए गली-गली, घर-घर पहुंचकर वहाँ के रहवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए स्वच्छता जागरूकता पोस्टर पम्पलेट लोगों के वितरित किए, इस मौके पर आयुक्त श्री पांडेय ने बस्ती के रहवासियों को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की जानकारी देते हुए उनसे कहा कि वे साफ-सफाई कार्यो एवं शहर को साफ-सुथरा रखने में अपना सहयोग देकर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की रैकिंग में अपने कोरबा शहर को उच्चतम रैकिंग का सम्मान दिलाएं। इस मौके पर बस्ती के जिन लोगों के घरों के सामने बेहतर साफ-सफाई दिखी, आयुक्त श्री पांडेय ने उन घरों के बच्चों को चाकलेट देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा इसी प्रकार साफ-सफाई बनाए रखने हेतु प्रोत्साहित किया। इस मौके पर आयुक्त श्री पांडेय ने बस्तीवासियों से कहा कि आईए हम सब मिलकर यह संकल्प लें कि घरों से निकले कचरे को सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कदापि नहीं डालेंगे, हम न तो गदंगी करेंगे और न ही किसी अन्य को गदंगी करने देंगे। घर से निकले सूखे व गीले कचरे को अलग-अलग डस्टबिन में रखेंगे तथा निगम के सफाई रिक्शें में ही कचरे को देंगे। खुले में शौच हेतु नहीं जाएंगे, केवल शौचालय का उपयोग करेंगे तथा अपने कोरबा शहर को स्वच्छ कोरबा-सुंदर कोरबा-निर्मल कोरबा बनाएंगे।

गली-गली, घर-घर भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पांडेय ने अपने कोरबा शहर की ''एक पाती-प्रेम की'' लोगों तक पहुंचाई तथा वहाँ के बच्चों से उक्त पाती का वाचन कराकर लोगों को सुनवाया। पाती में हमारे कोरबा शहर ने अपने नागरिकों से भावुक अपील करते हुए शहर को साफ-सुथरा रखने, गंदगी न करने, कोरबा को स्वच्छ, सुंदर, निर्मल रखने का आग्रह किया है। आयुक्त श्री पांडेय अयोध्यापुरी स्थित एस.एल.आर.एम. सेंटर पहुंचे तथा वहाँ पर स्वच्छता दीदियों द्वारा बना पैकेटबद्ध की गई कोहडा बडी, मक्खना बडी, जिमी कांदा बडी व बिजौरी को खरीदा। आयुक्त श्री पांडेय ने एस.एल.आर.एम. सेंटर का निरीक्षण कर सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों द्वारा की गई सेंटर की साजसज्जा, कचरे का बेहतर प्रबंधन, कबाड से जुगाड, मशरूम उत्पादन, खाद विक्रय, वहाँ की लघु उद्यानिकी व बेहतर साफ-सफाई के लिए उनके कार्ये की सराहना करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सेंटर में इन सामग्रियों की खरीदी बिक्री हेतु क्यूआर कोड लगाने का सुझाव भी आयुक्त श्री पांडेय ने सेंटर सुपरवाईजर व स्वच्छता दीदियों को दिया।

नगर निगम के कोरबा जोन सीतामणी वार्ड एवं दर्री जोन के अयोध्यापुरी वार्ड में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित कर वृहद स्तर पर साफ-सफाई के कार्य कराए गए, इस दौरान नाले व नालियों की तल से सफाई, बर्म, झाड़ियों की सफाई, धूल, मिट्टी, सी.एण्ड डी. वेस्ट व उत्सर्जित कचरे का उठाव एवं परिवहन सहित अन्य साफ-सफाई के कार्य एक अभियान के रूप में कराए गए। आयुक्त श्री पांडेय ने उक्त दोनों वार्डो में पहुंचकर साफ-सफाई कार्यो का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

बस्तियों में भ्रमण के दौरान वहाँ पर जलाई जा रही कच्चे कोयले की सिगड़ी पर आयुक्त श्री पांडेय ने संबंधितों को कच्चा कोयला जलाने से उत्पन्न होने वाले जहरीले धुएं तथा स्वास्थ्य पर पड़ने वाले इसके गंभीर प्रभाव की जानकारी देते हुए उनसे कहा कि कच्चे कोयला जलाने से निकला जहरीला धुआं स्वास्थ्य के अत्यंत घातक है तथा बच्चे, बुजुर्ग, महिलाओं एवं सभी के लिए अत्यंत हानिकारक है, अतः कच्चे कोयले की सिगड़ी न जलाएं, ईंधन हेतु अन्य वैकल्पिक साधनों का उपयोग करें।

स्वच्छता अभियान के दौरान सीतामणी एवं अयोध्यापुरी क्षेत्र में कुछ स्थानों पर कतिपय लोगों द्वारा सड़कों पर कचरा फेंक दिया गया था, जिस पर निगम के अधिकारियों ने कार्यवाही कर संबंधित लोगों पर अर्थदंड लगाया, साथ ही उन्हें कड़ी समझाईश दी कि सड़क, नाली व सार्वजनिक स्थान पर कचरा न डालें तथा शहर को साफ-सुथरा रखने में अपनी भूमिका निभाएं। इस अवसर पर अपर आयुक्त विनय मिश्रा, उपायुक्त पवन वर्मा, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता विनोद शांडिल्य, भूषण उरांव, अजीत तिग्गा, सहायक अभियंता एस.सी. सोनी, पीयूष राजपूत, डी.पी. साहू, रितेश सिंह, शैलेन्द्र नामदेव, ढेलूराम देवांगन, गिरवर विश्वकर्मा आदि के साथ अन्य लोग उपस्थित थे।

# कोरबा जिले में सिटी बसों के पहिए थमे: आम आदमी और छात्र-छात्राएं परेशान

**कोरबा ।** जिले में सिटी बस सेवा के बंद होने से आम आदमी, छात्र-छात्राएं और महिलाएं परेशान हैं। कोरोना काल से सिटी बसें बंद हैं, जिससे उपनगरी क्षेत्रों में यातायात की समस्या बढ़ गई है।

कोरबा जिले के उपनगरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए सिटी बस सेवा एक महत्वपूर्ण साधन थी। लेकिन अब यह सेवा बंद होने से लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

कुछ सिटी बसें कबाड़ के रूप में बस स्टैंड में पड़ी हैं, जबकि कुछ निजी कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को लाने-ले जाने के लिए उपयोग की जा रही हैं। इससे उपनगरी क्षेत्रों के लोगों को बड़ी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। छात्र-छात्राएं और महिलाएं प्राइवेट बसों और ऑटो का उपयोग करने को मजबूर हैं, जो मनमाने रेट वसूल रहे हैं। प्रशासन की ओर से इस समस्या का समाधान करने के लिए कोई कदम नहीं उठाया गया है। कोरबा जिले के उपनगरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों का कहना है कि सिटी बस सेवा के बंद होने से उनकी दैनिक गतिविधियों पर बड़ा प्रभाव पड़ रहा है। उन्हें अपने कामों के लिए अब प्राइवेट बसों और ऑटो का उपयोग करना पड़ रहा है, जो उनके लिए बड़ा बोझ है। इस समस्या का समाधान करने के लिए प्रशासन को तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। सिटी बस सेवा को फिर से शुरू करने और इसके लिए आवश्यक व्यवस्था करने की जरूरत है। इससे उपनगरी क्षेत्रों के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी और उनकी दैनिक गतिविधियों में सुधार होगा।

# भाजपा कार्यालय में संगठनात्मक मजबूती और नगर निगम विकास पर हुई महत्वपूर्ण बैठक आहूत

**कोरबा ।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय दीनदयाल कुंज में भाजपा पार्षद दल की एक महत्वपूर्ण बैठक आहूत की गई। बैठक में मुख्य अतिथि रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान नगर पालिका निगम में भाजपा के महापौर एवं पार्षदों की ऐतिहासिक विजय पर उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं दीं। साथ ही, उन्होंने कहा कि भाजपा को मिले जनसमर्थन और विश्वास पर खरा उतरना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन देते हुए बताया कि पार्टी की नीतियों और विकास कार्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने के लिए सभी को समर्पित रहना होगा। उक्त बैठक में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री लखनलाल देवांगन, भाजपा जिला अध्यक्ष मनोज शर्मा, कोरबा जिला प्रभारी एवं रायपुर विधायक पुरंदर मिश्रा, जिला संगठन प्रभारी गोपाल साहू, पूर्व सांसद, बिलासपुर लखनलाल साहू, पूर्व मंत्री ननकी राम कंवर, कोरबा नगर निगम नवनिर्वाचित महापौर संजू देवी राजपूत, कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन गर्ग, भाजपा जिला महामंत्री संतोष देवांगन, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अशोक चावलानी, कोरबा विधानसभा के मंडल अध्यक्षगण, नगर निगम के सभी भाजपा पार्षदगण उपस्थित रहे। साथ ही बैठक में उपस्थित भाजपा के सभी विजयी पार्षदगण, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मंडल अध्यक्ष भी उपस्थित रहे उपस्थित।

बैठक में कोरबा विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे। उन्होंने नगर निगम के विकास कार्यों को गति देने और भाजपा संगठन को और अधिक मजबूत बनाने पर विचार-विमर्श किया। बैठक के दौरान भाजपा की आगामी योजनाओं और नगर निगम के विकास कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं ने अपने सुझाव रखे और पार्टी नेतृत्व ने उन्हें आगामी रणनीतियों से अवगत कराया। बैठक का समापन भाजपा के संगठनात्मक मजबूती और जनसेवा की प्रतिबद्धता के संकल्प के साथ हुआ।

# आने वाला समय कई संभावनाओं को जन्म देने वाला इसलिए विज्ञान को पूरी गंभीरता से लेने की जरूरत

**कोरबा।** आज हम विज्ञान के बिना समाज की कल्पना नहीं कर सकते । विज्ञान के अधिकाधिक प्रयोग तथा विद्यार्थियों में वैज्ञानिक शोध उत्पन्न कर उनकी जिज्ञासा प्रवृत्ति को बढ़ाना इन सभी उद्देश्यों को अग्रसर करते हुए कई स्कूलों में विज्ञान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभों के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के उद्देश्य से राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के तत्वाधान में हर वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया जाता है । विद्यालय का प्रमुख उद्देश्य ग्रामीण अंचल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को जो उत्तम शिक्षा से वंचित रहते हैं ऐसे विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान कराना, विद्यार्थियों के अन्दर वैज्ञानिक सोच उत्पन्न करवाना, ग्रामीण समाज के लोगों को जागरूक करवाना, विद्यार्थियों के भविष्य के नए-नए साधनों एवं अवसर उत्पन्न करवाना आदि प्रमुख है । विद्यालय में विज्ञान शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए हर प्रकार की सुविधाएँ उपलब्ध करवाई गई है । उत्तम प्रयोगशाला कक्ष में हर प्रकार की प्रयोगिक वस्तुएँ उपलब्ध है जो विद्यार्थियों के नवीन प्रयोग कार्य के लिए उत्तम है । इस वर्ष राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का थीम -विकसित भारत के लिए विज्ञान और नवाचार में वैश्विक नेतृत्व के लिए भारतीय युवाओं को सशक्त बनाना था । विद्यार्थियों से लेख लिखवाए गए तथा इस विषय पर सेमीनार आयोजित



कर बच्चों की प्रश्नों को समझाया गया । रमन प्रभाव विषय पर प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । प्रोजेक्टर के माध्यम से विज्ञान के नए-नए प्रयोग के बारे में जानकारी दी गई । बीरेंद्र गुप्ता एवं अजीत कुमार ने रमन प्रभाव के विषय पर जानकारी दी, विज्ञान के क्षेत्र में उनका योगदान के बारे में बताया गया । स्कूल के विज्ञान शिक्षक-शिक्षिकाएँ विद्यार्थियों को नए-नए प्रयोग के द्वारा विभिन्न प्रकार की वैज्ञानिक दृष्टिकोण वाली जानकारी प्रदान करवाते हैं । विज्ञान की परिकल्पनाओं को विभिन्न प्रयोगों के माध्यमों से चरितार्थ करते हैं । यहाँ न केवल पाठ्यपुस्तक के माध्यम से अपितु प्रयोगिक कार्यो पर भी विशेष बल दिया जाता है । प्रत्येक वर्ष यहाँ समय-समय पर विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है । विज्ञान के बिना विकास की राह में तीव्रता से आगे नहीं बढ़ा जा सकता है । विज्ञान से गलत धारणा और अंधविश्वास का विनाश होता है । विज्ञान और तकनीकी को प्रसिध्द करने के साथ-साथ हमें देश के नागरिकों को इस क्षेत्र में मौका देकर नई ऊचाइयों को हासिल करना है । राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का उद्देश्य ग्रामीण अंचल के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण लाने एवं उसके प्रसार में निश्चित रूप से सहायक सिध्द हो सकते हैं ।

# शासन ने आरोप लगने पर किया डिप्टी कलेक्टर को निलंबित

**कोरबा ।** छत्तीसगढ़ शासन ने कोरबा के डिप्टी कलेक्टर को आरोप लगने पर पद से निलंबित कर दिया है। उन पर आरोप लगा है कि उन्होंने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए रायपुर-विशाखापट्नम प्रस्तावित इकॉनामिक कॉरिडोर के सड़क निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में अनियमितता की।

निलंबन आदेश में कहा गया है कि शशिकांत कुर्रे ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए प्रभावित भूमि का अवैध रूप से खाता विभाजन और खसरों का बटांकन की कार्यवाही की। इससे निजी भूस्वामियों को वास्तविक मुआवजा राशि में वृद्धि हुई और शासन को आर्थिक क्षति हुई। इस मामले में उनपर छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965 के नियम-3 के तहत कार्यवाही की गई है। उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है और उनका मुख्यालय आयुक्त, बिलासपुर संभाग, बिलासपुर निर्धारित किया गया है।

# नर्सिंग स्टॉफ और सिविल सर्जन के बीच खराब हो रहे रिश्ते, आरोपों के चक्कर में मरीज परेशान

### अपर कलेक्टर की अध्यक्षता में बनाई गई जांच टीम

**जांजगीर।** जिला अस्पताल में सिविल सर्जन व डॉक्टरों के बीच विवाद शुरू हो गया है। डॉक्टर व अन्य कर्मचारियों ने एकजुट होकर सिविल सर्जन को हटाने शिकायत कलेक्टर से की है। अस्पताल में काम करने वाले कर्मचारियों ने सिविल सर्जन डॉ. दीपक जायसवाल पर एक सीनियर नर्स से दुर्व्यवहार करने सहित कर्मचारियों को प्रताड़ित करने के कई आरोप लगाए हैं। सिविल सर्जन व स्टॉफ के बीच ओर रहे विवाद का असर मरीजों पर पड़ा। ओपीडी बंद होने के कारण अस्पताल में आने वाले 500 से अधिक मरीजों को भटकना पड़ा।



जिला अस्पताल में डॉक्टरों सहित 150 कर्मचारी काम करते हैं। करीब तीन माह पहले सूरजपुर से डॉ. दीपक जायसवाल का ट्रांसफर हुआ था। अभी डॉक्टर को आए तीन माह ही हुए है कि यहां विवाद शुरू हो गया है। डॉक्टरों ने बताया कि नर्स सलोनी बोस सुबह 10 से 11 बजे के बीच अस्पताल में अपना काम कर रही थीं। तभी डॉ. दीपक वहां पहुंचे और नर्स को काम को लेकर दुर्व्यवहार किया। उनका ट्रांसफर करने सीआर खराब करने धमकाने लगे। सिविल सर्जन की बातों को सुनकर नर्स रोने लगीं। इधर, इसकी जानकारी मिली तो अस्पताल में काम करने वाले डॉक्टर व अन्य मेडिकल कर्मचारियों का गुस्सा फूट गया। डॉक्टरों ने सबसे पहले विरोध में ओपीडी का काम पूरी तरह से बंद कर दिया। शिकायत मिलते ही कलेक्टर ने मामले में जांच टीम बनाई है। जांच दल के अध्यक्ष अपर कलेक्टर ज्ञानेन्द्र सिंह को बनाया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी स्वाति वंदना सिसोदिया एवं डिप्टी कलेक्टर भावना साहू को सदस्य बनाया है। जांच दल द्वारा मामले की वस्तु स्थिति और दस्तावेजों का परीक्षण कर विस्तृत जांच करते कर प्रतिवेदन तैयार करने कहा गया है।

तीन घंटे प्रदर्शन करने के बाद उद्यान में बैठकर बनाई रणनीति डॉक्टरों ने कलेक्टर से सिविल सर्जन के खिलाफ कार्रवाई करने व उन्हें हटाने की मांग की। आक्रोशित डाक्टरों ने कलेक्टोरेट में तीन घंटे तक प्रदर्शन किया। उन्होंने वसुंधरा उद्यान में बैठक कर सिविल सर्जन को हटाने के लिए आगे की रणनीति बनाई है। जिले में ऐसा पहली बार हुआ है कि डॉक्टरों ने सिविल सर्जन के खिलाफ इस तरह से विरोध प्रदर्शन किया। यहां सिविल सर्जन से प्रताड़ित बीडीएम अस्पताल चांपा के कर्मचारी भी का विरोध शामिल होने के लिए कलेक्ट्रेट पहुंच गए थे।

डॉक्टरों ने अस्पताल में मृत्यु दर बढ़ने का भी लगाया आरोप नाम न छापने की शर्त पर डॉक्टर व स्टाफ ने बताया कि जिला अस्पताल में गंभीर बीमारी से ग्रसित मरीजों को रेफर करने नहीं दिया जा रहा है। प्रतिदिन यहां चार से पांच लोगों की मौत हो रही है। औसत हर माह 150 से अधिक लोगों की जान जा रही है। डॉक्टरों ने सिविल सर्जन पर यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल रिनोवेशन में मनमानी की जा रही है। रिनोवेशन होने के कारण मरीजों को परेशानी होती है। कुछ दिनों से ऑपरेशन से डिलीवरी केस को लेना बंद कर दिया था। कई सुविधाओं पर मरीजों से शुल्क लिया जा रहा है, ये सुविधा लोगों को निशुल्क दी जाती थी।

रात में महिला स्टाफ की लगा रहे ड्यूटी, सुरक्षा की चिंता सिविल सर्जन द्वारा रात में महिला कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जा रही है। कर्मचारियों ने बताया कि रात में लेडी कंप्यूटर ऑपरेटर की ड्यूटी लगाई जा रही है। रात के समय सुरक्षा की व्यवस्था अस्पताल में नहीं होती है। इस दौरान कई प्रकार केस आते है। अक्सर लोग गाली गलौज करने लग जाते हैं। इससे डर बना रहता है।

# जिला पंचायत के दोनों प्रमुख पद पर भाजपा का कब्जा

**जांजगीर।** जिला पंचायत चुनाव में एक दिलचस्प घटना सामने आई है, जहां कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी परिसर के बाहर खड़े रहे, लेकिन किसी ने उनका विरोध नहीं किया। चुनाव के लिए जब मतदान प्रक्रिया शुरू हुई, तो किसी ने इन प्रत्याशियों के खिलाफ अपना विरोध नहीं जताया। परिणामस्वरूप पीठासीन अधिकारी ने भाजपा की सत्यलता मिरी को निर्विरोध अध्यक्ष व गगन जयपुरिया के निर्वाचित होने की घोषणा की। चुनाव में कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी परिसर के बाहर खड़े रहे, जिससे यह संकेत मिलता है कि या तो उन्होंने चुनावी प्रक्रिया में अपनी हार को स्वीकार कर लिया था या फिर उनके समर्थक और पार्टी के अन्य नेता इस चुनाव को लेकर गंभीर नहीं थे।

जिला पंचायत चुनाव में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद में भाजपा ने बाजी मार ली, यहां अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही पद भाजपा समर्थित प्रत्याशियों के पक्ष में रहा। सुबह से ही जिला पंचायत परिसर के बाहर गहमा-गहमी का माहौल रहा। चुनाव को लेकर पुलिस की चाक चौबंद व्यवस्था के बीच अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चुनाव कराया।

जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष का निर्वाचन पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर उज्जवल पोरवाल एवं सहायक पीठासीन अधिकारी डिप्टी कलेक्टर शशि कुमार चौधरी की उपस्थिति में जिला पंचायत जांजगीर-चांपा के सभाकक्ष में किया गया। अध्यक्ष का चुनाव पूर्ण होने के बाद भाजपा समर्थित पार्टी के क्षेत्र क्रमांक 3 सेंदरी के निर्वाचित सदस्य राजकुमार साहू और क्षेत्र क्रमांक 16 पोंड़ीशंकर के समर्थित प्रत्याशी गगन जयपुरिया ने उपाध्यक्ष पद की दावेदारी प्रस्तुत की थी। उपाध्यक्ष पद के लिए दो दावेदार होने के कारण पार्टी में गहमागहमी का माहौल रहा और मान मनौव्वल का दौर चला। हालांकि कुछ देर के बाद राजकुमार साहू ने दावेदारी प्रस्तुत करने से इंकार कर दिया और गगन जयपुरिया निर्विरोध उपाध्यक्ष निर्वाचित हुए। उपाध्यक्ष- दो दावेदार थे एक ने वापस लिया नाम

# नौकरी के फेर में कई लोगों को चपत लगी

**जांजगीर।** नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले भाई-बहन को नवागढ़ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने दुर्ग में आयोजित सेना भर्ती में नौकरी लगाने के नाम 10 लाख 59 हजार रुपए की ठगी की थी। नवागढ़ पुलिस के अनुसार 16 जून 22 को नेगुरडीह का रहने वाला युवक नीतिश कुमार कश्यप थाना पहुंचा और उसने रिपोर्ट दर्ज कराई कि दुर्ग में रहने वाले अर्चना गोस्वामी और अभिषेक गोस्वामी ने उसे और उसके दो दोस्तों को सेना में नौकरी लगाने का झांसा दिया। वह और उसके दोस्त भी उनके झांसे में आ गए। उन्होंने दोनों को 10 लाख 59 हजार रुपए दे दिया, मगर उनकी नौकरी नहीं लगी। उन्होंने अभिषेक और अर्चना से रुपए वापस मांगे, मगर उन्होंने रुपए लौटाने से इनकार कर दिया। साथ ही उन्हें झूठे केस में फंसा देने की धमकी भी दी। नीतिश थाना पहुंचा और इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया है।

# दो किशोर की तलाश हुई, मामला दैहिक शोषण का

**जांजगीर।** थाना बम्हनीडीह और बलौदा पुलिस को अपहृत नाबालिग बालिकाओं को बरामद करने में सफलता मिली है। दोनों प्रकरणों में आरोपियों ने नाबालिग बालिकाओं को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा लिया था और उनका दैहिक शोषण किया।

पहला मामला थाना बम्हनीडीह क्षेत्र का है, जहां आरोपी संजय जोशी ने नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर भगा लिया था। इस घटना की रिपोर्ट दर्ज की थी, जिसके बाद विवेचना में अपहृत बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने दैहिक शोषण की बात स्वीकार की।

आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 87, 64(2)(ड)बीएनएस 4,6 पाक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। दूसरा मामला थाना बलौदा क्षेत्र का है, जहां आरोपी रवि चौहान ने भी एक नाबालिग बालिका को शादी का झांसा देकर बहला-फुसलाकर भगा लिया था। इस संबंध में अपराध पंजीबद्ध किया गया था। विवेचना के दौरान अपहृत बालिका को आरोपी के कब्जे से बरामद किया गया, और पूछताछ में आरोपी ने दैहिक शोषण की बात स्वीकार की। आरोपी के खिलाफ धारा 137(2), 96, 64 ब्ह्हस्र एवं 4, 6 पाक्सो एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# तालाब जाने के बाद युवक लापता, तालाब में शव मिलने पर जांच कर रही पुलिस

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पंचायत कचंदा में यहां एक पेड़ पर 21 वर्षीय युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। मृतक की पहचान सुनील यादव के रूप में हुई है।

सुनील की 1 मार्च को सगाई होनी थी। घटना से चार दिन पहले वह नहाने के लिए तालाब की तरफ गया था। उसके पिता ने उसे नहाकर आने को कहा था। वह कपड़े लेकर सुबह घर से निकला। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा।

**बदबू आने पर लोगों ने पेड़ पर लटका शव देखा**

परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। कहीं पता नहीं चलने पर शिवरीनारायण थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। चार दिन बाद गांव के लोगों को बदबू आने पर पेड़ के पास जाकर देखा तो वहां पर शव लटका हुआ है।

मौके पर लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची। शव सड़ी-गली हालत में मिला। घटनास्थल से एक चप्पल भी बरामद हुई है।

प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का लग रहा है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आत्महत्या के कारणों की जांच की जा रही है।

### जिला रोजगार कार्यालय में 7 मार्च को प्लेसमेंट कैंप

**जांजगीर-चांपा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र जांजगीर-चांपा द्वारा युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से 7 मार्च की सुबह प्रातः 11 बजे 3 बजे तक जिला रोजगार व स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, जांजगीर-चांपा लाइवलीहुड कॉलेज परिसर जांजगीर में कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि शिविर में भारत फाइनेंस इंक्लूजन लिमिटेड, बरपाली चौक गणपति टावर चांपा द्वारा लोन आफिसर के 20 पदों पर भर्ती की कार्यवाही की जाएगी।

## युवक का सिर फोड़ा, तीन पर एक्शन

**जांजगीर।** पुरानी रंजिश को लेकर पिता अपने दो बेटों के साथ युवक के घर के अंदर घुसा और डंडों से उसके साथ जमकर मारपीट की। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार ग्राम कनेटी का रहने वाला युवक प्रकाश शर्मा मंगलवार को काम पूरा कर सक्ती से घर लौटा।

रात लगभग 8 बजे वह दरवाजे से अपने घर के अंदर घुसा। वह आंगन में पहुंचा, इसी बीच पीछे से समारू यादव भी आया और पुरानी रंजिश को लेकर टांगी से हमला कर दिया। समारू के बेटा राजेंद्र यादव और तुलेश्वर यादव ने भी डंडे से हमला किया। पुलिस ने केस दर्ज किया है।

# एक पंचायत ने लगातार चौथी बार एक ही चेहरे को निखारा



**मामाभांचा।** ग्राम पंचायत मोहंदी के सचिव हरेंद्र निषाद व ग्रामवासियों के उपस्थित में 3 मार्च को खेमराज दीवान ने चौथी बार सरपंच पद के लिए शपथ ग्रहण किया। पंच पद के लिए गौरी दीवान, निर्मला जांगड़े, अनसुईया साहू, तरुण यादव, अमेरिका यादव, गोपाल यादव, शबाना सेन, बालेश्वर सिंह दिवान, सुशीला ध्रुव, राम जी ध्रुव, संगीता ध्रुव, ईश्वरी नेताम, गोपेश्वरी यादव मौजूद थे।

# लूटपाट का शिकार हुआ ग्रामीण

**बाराद्वार।** ग्राम सोंठीनिवासी सब्जी व्यापारी बुधवार की सुबह सब्जी लेने सक्ती के सब्जी मार्केट जा रहा था। सकरेली ओवरब्रिज के पास एक युवक ने सब्जी व्यापारी से लिफ्ट मांगने के लिए हाथ दिखाया। सब्जी व्यापारी के रुकने पर दो और युवक पहुंचे और सब्जी व्यापारी के साथ मारपीट कर 5300 रुपए लूटकर फरार हो गए। पुलिस आरोपियों की पतासाजी कर रही है। मामला बाराद्वार थाना क्षेत्र का है। पुलिस के अनुसार बम्हनीडीह थाना अंतर्गत सोंठी नवासी सुमीत कुमार पटेल सब्जी व्यापारी है। वह रोजाना की तरह बुधवार की सुबह बाइक से सब्जी लेने सक्ती सब्जी मार्केट जा रहा था। सुबह लगभग 6 बजे वह सकरेली ओवरब्रिज के पास एक युवक ने उससे लिफ्ट मांगने के लिए हाथ दिखाया। सुमीत ने उसे लिफ्ट देने से बाइक रोकी तो युवक सुमीत के पास पहुंचा और उसे धमकाते हुए जेब में रुपए निकालने की बात कहने लगा। कुछ देर के बाद एक बाइक पर फिर दो युवक उसके पास पहुंचे और उसके गाली-गलौज कर पर्स में रखे रुपयों की मांगने लगे। सुमीत ने इसका विरोध किया तो तीनों ने मिलकर उसके डंडे से साथ मारपीट की और पर्स में रखा 5300 रुपए लूटकर बाराद्वार की ओर फरार हो गए। सुमीत ने इसकी जानकारी अपने परिजन को दी और थाना पहुंचकर इसकी रिपोर्ट दर्ज कराई। बहरहाल पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले में तीन अज्ञात आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### बिजली पोल पर चढ़ा अर्धनग्न शख्स...हाईवोल्टेज ड्रामा

**रायगढ़ ।** रायगढ़ और बालोद जिले में बिजली के पोल और ट्रांसफॉर्मर पर चढ़कर हाइवोल्टेज ड्रामा करने का वीडियो सामने आया है। पहला मामला रायगढ़ का है, जहां बुधवार सुबह 11 बजे अर्धनग्न शख्स ट्रेन से उतरते ही हाईटेंशन पोल पर चढ़ गया। घटना भूपदेवपुर थाना क्षेत्र के चपले गांव की है। वहीं दूसरा मामला बालोद का है, जहां युवक नशे में ट्रांसफॉर्मर पर चढ़ गया। इसके बाद वह बिजली के तार को छूने लगा। इसी दौरान उसे तेज करंट लगा, जिससे वह सीधे जमीन पर गिर गया। युवक गंभीर रूप से झुलस गया है। डौंडी थाना क्षेत्र के बम्हनी गांव की घटना है।

### ईमनदारी के साथ परीक्षा दे रहे हैं विद्यार्थी

**बिर्रा।** बारहवीं अंग्रेजी पेपर में डीईओ अश्वनी भारद्वाज के उड़नदस्ते ने परीक्षा केंद्र तालदेवरी का निरीक्षण किया। परीक्षा केंद्र में एक भी नकल प्रकरण नहीं मिला। 4 मार्च को अंग्रेजी? विषय की परीक्षा में 217 परीक्षार्थी ने पर्चा हल किया। जिला स्तर पर गठित उड़नदस्ता टीम डीईओ अश्वनी भारद्वाज ने अपने टीम श्रवण वैष्णव शिक्षिका लता तिवारी ने परीक्षा केंद्र तालदेवरी में निरीक्षण किया गया। इसमें कक्ष क्रमांक 1 से कक्ष क्रमांक 7 के सभी कमरों का निरीक्षण किया। उड़नदस्ते ने जांच भी किया, किन्तु अभी तक परीक्षा केंद्र तालदेवरी में एक भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। टीम ने अन्य परीक्षा केन्दाध्यक्षों को परीक्षा सम्पन्न कराने के सुझाव दिए। इस अवसर पर पर्यवेक्षक समरीन खान, तुलेश्वर देवांगन, नागेश देवांगन, रामकुमार पटेल, अनिता राज, प्रीति मिंज, सुषमा भगत उपस्थित थे।

# वेतन मिलता है पढ़ाने का पर शिक्षिका को केवल रील बनाने से मतलब

**अकलतरा।** ग्राम अमरताल में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में पदस्थ प्रधान पाठिका अरुणा व्यास मिरी के शाला में लगातार अनुपस्थित रहने और बच्चों को अध्यापन कार्य नहीं करवाकर मोबाइल में व्यस्त रहने के साथ ही रील बनाने की लगातार शिकायत जिला शिक्षा अधिकारी को मिल रही थी।

बुधवार को जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज, विकासखंड शिक्षा अधिकारी रत्न माला सिंह और संकुल समन्वयक जीवन लाल यादव ने शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अमरताल का दोपहर 1 बजे निरीक्षण करने पर प्रधान पाठिका अरुणा व्यास मिरी अनुपस्थित पाई गईं। उपस्थिति पंजी का निरीक्षण करने पर 3 मार्च से 6 मार्च तक चार दिवस का सीएल दर्ज होने के साथ कोई भी आवेदन उपस्थिति पंजी में नहीं मिला। स्कूल में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं से पूछताछ करने पर छात्र-छात्राओं ने बताया कि प्रधानपाठिका लगातार अवकाश पर रहने के साथ अपनी मर्जी से स्कूल में आने-जाना करती हैं। वह स्कूल टाइम में मोबाइल पर रील बनाने में व्यस्त रहती हैं। स्कूल का निरीक्षण करने पर स्कूल भवन की रंगाई पुताई नहीं होने के साथ अन्य अनियमितता भी पाई गई। छात्र-छात्राओं से हिंदी विषय एवं अन्य विषय के संबंध में सवाल पूछने पर वह जवाब नहीं दे पाए। बीईओ व संकुल समन्वयक द्वारा जांच प्रतिवेदन तैयार करने के साथ प्रधान पाठिका के स्कूल में अनुपस्थित पाए जाने पर जांच प्रतिवेदन को डीईओ को सौंपा है।

### सुरसा की तरह बनी हुई हैं क्षेत्र की समस्याएं

**सक्ती।** जिला कार्यालय में आयोजित कलेक्टर जनदर्शन में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने जिले के दूर-दराज के इलाकों से आए लोगों की समस्याएं सुनी। जनदर्शन में अलग-अलग समस्याओं के निराकरण केलिए 6 आवेदनं मिले। इस पर कलेक्टर ने प्राप्त आवेदनों को कलेक्टोरेट परिसर सभाकक्ष में उपस्थित संबंधित अधिकारियों को तत्काल देकर जल्द नियमानुसार त्वरित निराकरण के निर्देश दिए हैं। इस दौरान जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी वासु जैन, अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा और सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। जनदर्शन में तहसील सक्ती अंतर्गत वार्ड नंबर 2 निवासी शरद कुमार कसेर ने किसान सम्मान निधि फॉर्म की जांच कर सही बैंक खाता लिंक करने संबंध में, पतेरापालीकला निवासी खीक बाई सिदार ने पीएम आवास की दूसरी किस्त नहीं मिलने के संबंध में, तहसील सक्ती अंतर्गत रगजा निवासी हिमालय सिदार ने निन्सहाय दृष्टिबाधित दिव्यांगता पेंशन दिलाने के संबंध में, तहसील हसौद अंतर्गत किकिरदा निवासी मीना बाई जायसवाल ने जमीन पर जबरदस्ती कब्जा करने के विरुद्ध कार्रवाई करने के संबंध में सहित अन्य विभिन्न आवेदकों ने साप्ताहिक जनदर्शन में आवेदन दिया।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**
**कार्यालय कार्यपालन अभियंता, वि./यां. मिनीमाता बांगो संभाग माचाडोली, मुख्यालय-कटघोरा, कोरबा (छ.ग.)**

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

**(प्रथम आमंत्रण)**

सिस्टम निविदा क्र. 165404/निविदा सूचना क्र. 14/व.ले.लि./2024-25 दिनांक, 04.03.2025

निम्नलिखित कार्यो के लिए दिनांक 26.03.2025 17.30 तक ऑन लाईन निविदाए आमंत्रित की जाती है

**कार्य का नाम** - जशपुर जिले अतंर्गत विकास खण्ड़ बगीचा के ग्राम साहीडांड में निर्मित एनीकट में सौर सूक्ष्म सिंचाई योजना निर्माण कार्य।

**अनुमानित लागत - रू. 711.60 लाख**

(निविदा की अनुमानित लागत एस.ओ.आर. दिनांक 22.08.2022 के आधार पर)

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब साइट https://eproc.cgstate.gov.in पर दिनांक 11.03.2025 समय 17.31 बजे से देखे तथा डाउनलोड किये जा सकते है।

**नोट :** निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in पर नामांकित / पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

2. निविदाकार को इस निविदा में वर्ष 2024 में जारी किए गये Pre Bid Qulification certificate (Valid up to 30.09.2025) का उपयोग अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**वि./यां. मिनीमाता बांगो बांध संभाग माचाडोली,**
**मुख्य. कटघोरा (छ.ग.)**

जी-242505762/4



**न्यायालय तहसीलदार दर्री जिला- कोरबा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र.202502050400008
अ-21/2024-25
ग्राम- लाटा, प.ह.नं.-26, तहसील - दर्री

एतद् द्वारा आम जनता मौजा अगारखार, प.ह.नं.26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील-दर्री, जिला-कोरबा को सूचित किया जाता है कि विषयान्तर्गत भूमि स्वामी आवेदक सृजन बिल्डर्स द्वारा भगीदार श्री हरीश परसाई/श्री अशोक अग्रवाल निवासी-तहसील व जिला-कोरबा के द्वारा ग्राम-लाटा, प.ह.नं. 26, रा.नि.मं. अगारखार, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) स्थित स्वमित्व एवं आधिपत्य की परिवर्तित भूमि ख.नं. 1/1, 1/3, 1/2, 3/3, 5/4, एवं 5/2 कुल रकबा 2.89 ए. की उक्त खसरा नं. की स्वीकृत अभिन्साय भू-खण्ड क्र. 49, क्षेत्रफल 1001 वर्गफीट भूमि को प्रस्तावित क्रेता श्री यादव लाल पटेल पिता श्री बलराम पटेल निवासी मकान नं. 50, फेस 05 पुष्पल्लव कॉलोनी लाटा जमनीपाली कोरबा जिला-कोरबा (छ.ग.) को विक्रय करने अनुमति प्रदान किये जाने बाबत् कलेक्टर महोदय कोरबा को आवेदन करने पर अ.वि.अ. (रा.) कटघोरा के माध्यम से जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह दिनांक 13.03.2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 28.02.25 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

सील

**तहसीलदार**
**दर्री, जिला- कोरबा (छ.ग.)**



**समक्ष - श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, कोरबा (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं मनमीत सिंह गुलाटी, पिता सुरजीत सिंह गुलाटा, उम्र लगभग 43 वर्ष पता-मकान नंबर-25 अग्रसेन मार्ग कोरबा, जिला कोरबा छ.ग. हा.मु.-पावर एम्पेरिया शारदा विहार कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूंः-

कि मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आ.क्र.-6481 6501 5815 है। मेरी पुत्री बिनीत कौर के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसका रजिस्ट्रीकरण क्रमांक-3999 दिनांक-31.12.2007 है। मेरी पुत्री के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पत्नी रूमीत कौर गुलाटी के स्थान पर मात्र रूमीत कौर दर्ज है। मैं संबंधित जन्म प्रमाण पत्र में अपनी पत्नी का पूरा एवं सही नाम रूमीत कौर गुलाटी दर्ज कराना चाहता हूं। उक्त शपथ पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**मनमीत सिंह गुलाटी**
**पॉवर एम्पेरिया शारदा विहार, कोरबा**



**समक्ष - श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय, कोरबा (छ.ग.)**
**शपथ पत्र**

मैं मनमीत सिंह गुलाटी, पिता सुरजीत सिंह गुलाटा, उम्र लगभग 43 वर्ष पता-मकान नंबर-25 अग्रसेन मार्ग कोरबा, जिला कोरबा छ.ग. हा.मु.-पावर एम्पेरिया शारदा विहार कोरबा तहसील व जिला कोरबा छ.ग. का होकर निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूंः-

कि मैं उक्त पते पर निवासरत हूं तथा मेरा आ.क्र.-6481 6501 5815 है। मेरे पुत्र रबजोत सिंह के नाम से जन्म प्रमाण पत्र जारी किया गया है जिसका रजिस्ट्रीकरण क्रमांक-6931 दिनांक-19.10.2010 है। मेरे पुत्र के उक्त जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पत्नी रूमीत कौर गुलाटी के स्थान पर मात्र रूमीत कौर दर्ज है। मैं संबंधित जन्म प्रमाण पत्र में अपनी पत्नी का पूरा एवं सही नाम रूमीत कौर गुलाटी दर्ज कराना चाहता हूं। उक्त शपथ पत्र मेरे द्वारा उक्ताशय के संबंध में निष्पादित किया गया है, जिसे संबंधित कार्यालय/विभाग के समक्ष प्रस्तुत किया जाना है।

**शपथकर्ता**
**मनमीत सिंह गुलाटी**
**पॉवर एम्पेरिया शारदा विहार, कोरबा**


# मनमाने तरीके से डीएमएफ की राशि खर्च की, 5 किये गए निलंबित

**अकलतरा।** नगर पालिका परिषद अकलतरा में 2 करोड़ 13 लाख 44 हजार 65 रुपए की गौण खनिज मद की राशि को बिना निविदा के भाव पत्र के माध्यम से खर्च करने की अनियमितता सामने आई है। इस पर नगरीय प्रशासन और विकास विभाग ने सख्त कार्रवाई करते हुए तत्कालीन नगर पालिका सीएमओ, दो उप अभियंता, लेखापाल और प्रभारी लिपिक को निलंबित कर दिया है। इस मामले को विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने विधानसभा के बजट सत्र में तारांकित प्रश्न के माध्यम से उठाया, जिसके बाद शासन ने इस पर तुरंत गंभीरता दिखाते हुए कार्रवाई की और पांच अफसरों को निलंबित कर दिया गया। नगर पालिका परिषद अकलतरा द्वारा गौण खनिज मद की राशि को बिना निविदा के ही जलप्रदाय सामग्री, विद्युत सामग्री, स्वच्छता सामग्री क्रय, शासकीय भवन की रंग-पुताई एवं अन्य कार्यों में खर्च किया गया। इस दौरान एक ही फर्म को अनुचित लाभ पहुंचाने की बात सामने आई। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने इस मामले में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को शिकायत करने के साथ ही विधानसभा में तारांकित प्रश्न क्रमांक 1381 के माध्यम से राज्य शासन का ध्यान आकर्षित किया। इस प्रकरण पर 6 मार्च को नगरीय प्रशासन और विकास मंत्री को विधानसभा में जवाब देना था, लेकिन इससे पहले ही निलंबन का आदेश जारी कर दिया गया।

विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने मांग की है कि संबंधित अधिकारियों एवं लेखापाल से वित्तीय अनियमितता की वसूली की जाए। एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए। ठेकेदार से भी वसूली की जाए और उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए। इस कार्रवाई के बाद नगर पालिका कार्यालय में हड़कंप मच गया। नगर में चर्चा है कि राशि खर्च में अनियमितता के चलते कुछ चुनिंदा ठेकेदारों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया। विधायक राघवेन्द्र कुमार सिंह ने इस मामले में एफआईआर दर्ज करने और ठेकेदार को ब्लैकलिस्ट करने की मांग की है। उन्होंने बताया कि नगर पालिका में पाइपलाइन बिछाने की निविदा में भी नियमों का पालन नहीं किया गया।जांच टीम ने की पुष्टि, रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस मामले की जांच के लिए मुख्य अभियंता राजेश शर्मा, अधीक्षण अभियंता रमेश सिंह, एवं उप संचालक अरुण साहू की टीम का गठन किया। जांच टीम ने नगर पालिका परिषद अकलतरा के कार्यालय का निरीक्षण करने के बाद गौण खनिज मद की राशि खर्च में अनियमितता की पुष्टि की और जांच रिपोर्ट नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग को सौंपी।

**सरकार ने लिया संज्ञान सख्त कार्रवाई के संकेत**

तत्कालीन अध्यक्ष को दिया नोटिस जांच रिपोर्ट के आधार पर नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अवर सचिव अजय तिर्की ने तत्कालीन नगर पालिका सीएमओ सौरभ तिवारी (वर्तमान में सक्ती में पदस्थ), तत्कालीन उप अभियंता अशोक कंवर (वर्तमान में नगर पंचायत घरघोड़ा में पदस्थ), उप अभियंता भुनेश साहू (वर्तमान में नगर पंचायत मल्हार में पदस्थ), नगर पालिका अकलतरा के

### मांगलिक कार्यों पर रोक लगेगी, 13 मार्च की रात 10.37 बजे तक भद्रा

**रायगढ़।** इस वर्ष 13 मार्च की रात होली जलेगी, होली से सप्ताह भर पहले होलाष्टक लग जाता है, इसके साथ ही आठ दिनों के लिए शुभ कार्यों पर रोक लग जाती है। इस बार होलाष्टक 6 मार्च से लग रहा है। होलिका दहन 13 मार्च की रात को होगा। इस रात 10 बजकर 37 मिनट तक भद्रा है, इस काल में होलिका दहन नहीं होता है। इस वर्ष होली का पर्व 14 मार्च को मनाया जाएगा। 13 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। वहीं 14 और 15 मार्च को होली खेली जाएगी।

## अनमोल वचन......

**असत्य की अपेक्षा सत्य अजन्त मुला अधिक प्रभावशाली है....**

# बसपा के अंदर का घमासान सतह पर

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पार्टी सुप्रीमो मायावती के हालिया फैसले ने एक बार फिर उत्तर भारत की सबसे बड़े राजनीतिक पार्टी के साथ ही राष्ट्रीय राजनीति को सरगर्म कर दिया है। मायावती ने सभी को चौंकाते हुए भतीजे आकाश आनंद को एक बार फिर पार्टी के राष्ट्रीय समन्वयक (नेशनल कोआर्डिनेटर) समेत सभी पदों से हटाने का फैसला लिया है। साथ ही पार्टी प्रमुख ने अपने जीते-जी किसी को भी उत्तराधिकारी नहीं बनाने का सख्त निर्णय भी सुना दिया। स्वाभाविक है, मायावती के इस फैसले से न केवल उनकी पार्टी के लोगों को बल्कि राजनीतिक विश्लेषकों को भी अचरज में डाल दिया है।

आकाश पार्टी का युवा चेहरा हैं। हालांकि जिम्मेदारी के पद पर रहते हुए पार्टी का प्रदर्शन निचले स्तर का रहा। 2019 के लोक सभा चुनाव के बाद आकाश आनंद को बीएसपी का राष्ट्रीय समन्वयक बनाया गया था, लेकिन पार्टी का प्रदर्शन बेहद फीका रहा। यहां तक कि पिछले महीने संपन्न हुए दिल्ली विधानसभा चुनाव में आकाश आनंद पार्टी के प्रभारी थे, लेकिन सीट जीतना तो दूर की बात है, वोट शेयर में भी गिरावट आई थी।

गौरतलब है कि मायावती ने आकाश को पहली बार राष्ट्रीय समन्वयक पद से नहीं हटाया है। पिछले साल लोक सभा चुनाव से पहले भी आकाश आनंद को राष्ट्रीय समन्वयक पद से हटा दिया था। हटाने का तर्क दिया गया था कि अभी उन्हें और परिपक्व होने की जरूरत है। मायावती के साथ एक नकारात्मक बात यह है कि वह कभी भी सड़क पर नहीं उतरती हैं। राजनीति की गहरी समझ रखने वाले और विपक्षी दलों के नेता भी यह मानते हैं कि अब खुल कर राजनीति करने के मायावती के दिन नहीं आने वाले। खासकर भाजपा के खिलाफ आक्रामक रुख रखने के स्वभाव को मायावती ने बहुत पहले साइडलाइन कर रखा है। वह भाजपा के दबाव में है। बहरहाल, मायावती के फैसले के बाद आकाश की प्रतिक्रिया में ही भविष्य के संकेत निहित हैं। आकाश का यह कहना कि परीक्षा कठिन है और लड़ाई लंबी है', इस बात को भलीभांति स्पष्ट करती दिखती है कि बसपा में अभी बहुत कुछ घटित होने वाला है। देखना है मायावती के हार्डकोर समर्थक पार्टी के लिए कितने फायदेमंद रहते हैं या पार्टी के अंदर का घमासान सतह पर आकर बसपा वोटर्स को असहज करते हैं।

## राशिफल

**मेष राशि :** आज आपका दिन खुशनुमा पलों से भरा रहेगा। आज परिवार से खुशखबरी मिलेगी। ईश्वर की कृपा से आज आपके सभी काम सफल होंगे। आज आपको अपने काम में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है। आपको प्रोजेक्ट में अपने कलीग की मदद मिलेगी। आज आपकी किसी रिश्तेदार से फोन पर बात हो सकती है।

**वृष राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। घर खरीदने का विचार कर रहे लोगों के लिए आज का दिन शुभ है। आज आपका मन घरेलू काम काज में लगेगा। आज बॉस आपको किसी नए प्रोजेक्ट पर काम करने को कह सकते हैं। डिप्लोमा की तैयारी कर रहे छात्रों को और मेहनत करने की जरूरत है।

**मिथुन राशि :** आज आपका दिन नई उमंगो के साथ शुरू होने वाला है। आज आपकी सूझ-बूझ से किसी काम में सफलता मिलेगी। पशुओं की सेवा करने का अवसर मिलेगा। आर्थिक समस्या से परेशान लोगों को राहत मिलेगी। आज आप जीवनसाथी के लिए नई ज्वेलरी खरीद सकते हैं।

**कर्क राशि :** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आपके दोस्त आपसे मदद के लिए कहेंगे, आप उन्हें निराश नहीं करेंगे। बिजनेस कर रहे लोगों को अच्छा मुनाफा होगा। आज आप शॉपिंग करने का मन बनायेंगे। आज आप अपनी बहन को कुछ गिफ्ट दे सकते हैं जिससे आपका रिश्ता मजबूत बनेगा। आज आप किसी जरुरी मीटिंग में शामिल होंगे।

**सिंह राशि :** आज आपका दिन उत्तम रहने वाला है। आज आपकी मुलाक़ात किसी अजनबी से होगी, जिससे आप बहुत कुछ सीखेंगे। आपकी कड़ी मेहनत से लोग प्रभावित होंगे और आपका अनुसरण करेंगे। आज आप ऑफिस के किसी काम में उलझे रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स कॉलेज में कुछ नया करेंगे, किसी प्रतियोगिता में भाग भी ले सकते है। रोज की अपेक्षा आज व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज अपने किसी रुके काम को पूरा करने का सही समय है। सिविल इंजीनीयर्स के लिए दिन बेहतरीन रहेगा। स्वास्थ्य समस्या से परेशान लोग आज खुद को बेहतर महसूस करेंगे। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी जॉब मिलने के योग हैं। दाम्पत्य रिश्ता मजबूत बनेगा, परिवार के साथ टाइम स्पेंड करेंगे।

**तुला राशि :** आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज किसी बड़ी कंपनी से आपके लिए जॉब का ऑफर आ सकता है। आज आप कम्प्यूटर कोर्स ज्वाइन करने का मन बनायेंगे। परिवार में किसी सदस्य से आपको अच्छी सलाह मिलेगी। आज आपके घर में मेहमान आ सकते हैं, जिससे घर में खुशनुमा माहौल बना रहेगा।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप किसी जरुरी काम से बाहर जा सकते हैं, अपना जरुरी सामान रखना न भूलें। आज आपके बिजनेस में प्रॉफिट होगा। फ्रेंड्स के साथ ट्रिप पर जाने का प्लान बना सकते हैं।

**धनु राशि :** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहने वाला है। ऑफिस में आज आपको सहयोगियों से मदद मिलेगी। घर से दूर रहकर पढ़ाई कर रहे स्टूडेंट्स आज माता-पिता से मिल सकते हैं। मल्टीनेशनल कंपनी में कार्य कर रहे कर्मचारियों की पदोन्नति होगी। जॉब की तलाश कर रहे लोगों को किसी बड़ी कंपनी से जॉब का प्रपोज़ल आयेगा। सोशल मीडिया से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बेहतर रहने वाला है।

**मकर राशि :** आज का दिन उत्साह से भरा रहने वाला है। आपके व्यापार में बेहतर सुधार आयेगा, जिससे आपको रिलैक्स फील होगा। पारिवारिक जीवन में हो रही अनबन आज समाप्त होगी, आपके परिवार में खुशियाँ बढ़ेगी। नर्सिंग कर रहे छात्रों को उनके करियर में सफलता मिलेगी। आज आपके कुछ नए दोस्त बनेंगे।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन खुशियां लाने वाला है। परिवार में आपके अच्छे काम की तारीफ़ होगी। महिलाओं के लिए आज का दिन बेहद ख़ास रहने वाला है। आज आपके पास बिजनेस को आगे बढ़ाने का अच्छा मौका है। कम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों को तैयारी जारी रखनी चाहिए।

**मीन राशि :** आज आपका दिन बेहद खुशहाल रहने वाला है। आज अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की नयी योजना बनायेंगे, जिससे आपकी कामयाबी आसमान की बुलंदियों पर होगी। आपकी मुलाकात बचपन के किसी दोस्त से होगी, आपकी पुरानी यादें ताज़ा होंगी। आमोद-प्रमोद में आपका ज्यादा मन लगेगा।

# ट्रंप-जेलेंस्की बहस को छोड़िये, चर्चा इस पर करिये कि यूक्रेनी राष्ट्रपति ने अपने देश के साथ क्या किया

**एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि जेलेंस्की की सनक की सजा यूक्रेन के साथ ही पूरी दुनिया को भुगतने की इजाजत नहीं दी जा सकती। यूक्रेन में भी एक आपदा सरकार चल रही है जिसके राष्ट्रपति हैं वोलोदमीर जेलेंस्की। जेलेंस्की ने पद संभालने के बाद से अपने देश को आपदा में झोंक दिया। रूस के साथ तीन वर्ष से चल रहे युद्ध में यूक्रेन पूरी तरह तबाह हो चुका है। लाखों लोग मारे गये हैं, आधी जनता दूसरे देशों में भाग कर शरणार्थी जीवन गुजार रही है, सारे संसाधन तबाह हो चुके हैं लेकिन जेलेंस्की को युद्ध युद्ध खेलना अब भी अच्छा लग रहा है।**

वह अब भी कह रहे हैं कि संघर्षविराम के लिए राजी नहीं होंगे। देखा जाये तो इस युद्ध में यदि यूक्रेन को बड़ी शक्तियों का साथ नहीं मिलता तो वह दो दिन भी मैदान में नहीं टिक सकते थे लेकिन जेलेंस्की अब भी यह नहीं समझ पा रहे हैं कि किसी भी देश के लिए उनकी मदद करते रहने की एक सीमा है। जेलेंस्की को समझना होगा कि दो देशों का युद्ध अगर तीसरे विश्व युद्ध में तब्दील हुआ तो पहले ही तमाम चुनौतियों से जूझ रही दुनिया के लिए मुश्किलें और बढ़ जायेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने जेलेंस्की को ओवल ऑफिस में मुलाकात के दौरान जिस तरह खरी खरी सुनाई उसकी दुनियाभर में तारीफ हो रही है। हालांकि एक वर्ग अमेरिकी राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति की ओर से जेलेंस्की के साथ किये गये बर्ताव को अमर्यादित बता रहा है लेकिन ऐसे लोगों को समझना होगा कि जेलेंस्की की सनक की सजा यूक्रेन के साथ ही पूरी दुनिया को भुगतने की इजाजत नहीं दी जा सकती।

जहां तक ओवल ऑफिस में अमेरिका और यूक्रेन के राष्टपति के बीच हुई तीखी बहस की बात है तो आपको बता दें कि पहले से ही तनावपूर्ण माहौल में हो रही बैठक में उस समय बड़ा विस्फोट हो गया जब वेंस ने रूस-यूक्रेन युद्ध का समाधान निकालने के लिए कूटनीति की आवश्यकता पर जोर दिया। इस दौरान ज़ेलेंस्की ने हाथ जोड़कर प्रतिवाद किया कि रूसी राष्टपति व्लादीमिर पुतिन पर भरोसा नहीं किया जा सकता। जेलेंस्की ने कहा कि आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं, जेडी? इस पर वेंस ने पलटवार करते हुए कहा, मैं उस तरह की कूटनीति के बारे में बात कर रहा हूं जो आपके देश के विनाश को रोकेगी। इस दौरान ज़ेलेंस्की ने पुतिन के प्रति उनके नरम रुख को लेकर ट्रंप को खुली चुनौती दी और उनसे हत्यारे के साथ कोई समझौता नहीं करने का आग्रह किया। ज़ेलेंस्की ने कहा कि रूसी राष्टपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के हमारे बड़े हिस्से पर कब्ज़ा कर लिया। उन्होंने कहा कि 2014 के दौरान किसी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को नहीं रोका। उन्होंने लोगों को मार डाला। जेलेंस्की ने कहा कि 2019 में मैंने उनके साथ युद्धविराम के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए मगर उन्होंने युद्धविराम तोड़ा, हमारे लोगों को मारा और कैदियों की अदला-बदली नहीं की इसलिए आप किस तरह की कूटनीति की बात कर रहे हैं। जेलेंस्की की बात का जवाब देते हुए, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा, मैं उस कूटनीति की बात कर रहा हूँ जो देश के विनाश को समाप्त कर सकती है। जेडी वेंस ने कहा कि आपको अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प का शुक्रिया अदा करना चाहिए क्योंकि अमेरिका के ओवल ऑफिस में आना और उस प्रशासन पर हमला करना अपमानजनक है जो आपके देश के विनाश को रोकने की कोशिश कर रहा है। वहीं अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि मैं पुतिन या किसी और के साथ नहीं हूं, मैं संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ हूं और दुनिया की भलाई के लिए संवाद में शामिल हूं। उन्होंने कहा कि पुतिन के लिए ज़ेलेंस्की के मन में जो नफरत है, उस तरह की नफरत के साथ समझौता करना बहुत मुश्किल है। ट्रंप ने कहा कि ज़ेलेंस्की को तत्काल युद्ध विराम करना चाहिए, युद्ध विराम तुरंत हो सकता है। यदि आप युद्ध समाप्त करना चाहते हैं, तो आपको एक समझौते पर हस्ताक्षर करना होगा। उन्होंने कहा कि यदि ज़ेलेंस्की कहते हैं कि उन्हें युद्ध विराम नहीं चाहिए तो उन्हें अमेरिका के बिना लड़ना होगा और यदि वे अमेरिका के बिना लड़ते हैं, तो ये आसान नहीं होगा क्योंकि हमारे बिना वे जीत नहीं सकते। उन्होंने कहा कि ज़ेलेंस्की को यह महसूस करने की जरूरत है कि वह युद्ध हार रहे हैं। ट्रंप ने कहा, मैं अब और युद्ध नहीं लड़ना चाहता। ट्रंप ने जेलेंस्की के प्रति तीखा रुख दिखाते हुए उन पर लाखों लोगों का जीवन खतरे में डालने का आरोप लगाया और कहा कि उनकी कार्रवाई से तीसरा विश्व युद्ध छिड़ सकता था। हम आपको यह भी बता दें कि इस तीखी बहस को पूरी दुनिया में लोगों ने देखा। इस बहस से माहौल इतना गर्म हो गया था कि ट्रंप ने अपने दो शीर्ष सहयोगियों को ज़ेलेंस्की को यह बताने का निर्देश दिया कि अब उनके जाने का समय हो गया है। ऐसा तब हुआ जब वेटर वहां आये प्रतिनिधिमंडलों को दोपहर का भोजन परोसने की तैयारी कर रहे थे। एक अधिकारी ने बताया कि वार्ता जारी रखने की जेलेंस्की की इच्छा के बावजूद यूकेनियन प्रतिनिधिमंडल को वहां से चले जाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही यूक्रेन और अमेरिका खनिज समझौते पर हस्ताक्षर करने में भी विफल रहे। व्हाइट हाउस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया है कि ट्रम्प को फिलहाल खनिज सौदे पर दोबारा विचार करने में कोई दिलचस्पी नहीं है। इस जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की 'व्हाइट हाउस' से चले गए। हालांकि इस बहस ने अमेरिका और यूरोप के बीच उभरी गहरी दरार को उजागर कर दिया है। हम आपको यह भी बता दें कि ट्रंप ने वार्ता के दौरान जेलेंस्की को स्टूपिड भी कह दिया था। इससे पहले भी ट्रंप जेलेंस्की को तानाशाह बता चुके हैं। उधर, यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने ओवल ऑफिस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के साथ कहासुनी के बाद व्हाइट हाउस से रवाना होने के बाद यूक्रेन के समर्थन के लिए ट्रंप और अमेरिका का आभार व्यक्त किया। व्हाइट हाउस से प्रस्थान के कुछ ही मिनट बाद, जेलेंस्की ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, धन्यवाद अमेरिका, आपके समर्थन के लिए धन्यवाद, इस यात्रा के लिए धन्यवाद। अमेरिकी राष्ट्रपति, कांग्रेस और अमेरिकी लोगों का धन्यवाद। यूक्रेन को न्यायपूर्ण और स्थायी शांति की आवश्यकता है, और हम बस उसी के लिए काम कर रहे हैं।

दूसरी ओर, ट्रंप और जेलेंस्की के बीच 'ओवल ऑफिस' में हुई तीखी बहस के बाद यूक्रेन के यूरोपीय साझेदारों और दुनिया के अलग-अलग देशों के नेताओं ने जहां जेलेंस्की का समर्थन किया तो वहीं दूसरी ओर 'व्हाइट हाउस' ट्रंप के साथ खड़ा दिखाई दिया। यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वोन डेर लेयेन ने 'एक्स' पर लिखा, आपने जो गरिमा दिखाई, उसने यूक्रेन के लोगों की बहादुरी को दर्शाया है। मजबूत, बहादुर और निडर बने रहें, प्रिय वोलोदिमीर जेलेंस्की। हम न्यायपूर्ण और स्थायी शांति के लिए आपके साथ काम करते रहेंगे।÷ फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने 'एक्स' पर लिखा, ''एक हमलावर है रूस। एक पीड़ित है यूक्रेन। हमारा तीन साल पहले यूक्रेन की मदद करना और रूस पर प्रतिबंध लगाना सही था- और ऐसा करते रहना सही भी है। मैक्रों ने कहा, हमारे से मेरा तात्पर्य अमेरिकी, यूरोपीय, कनाडाई, जापानी और कई अन्य से है। उन्होंने कहा, उन सभी का आभार जिन्होंने मदद की और कर रहे हैं। उन लोगों के प्रति सम्मान व्यक्त करता हूं जो शुरू से ही लड़ रहे हैं - क्योंकि वे अपनी गरिमा, अपनी स्वतंत्रता, अपने बच्चों और यूरोप की सुरक्षा के लिए लड़ रहे हैं। वहीं ट्रंप की करीबी सहयोगी मानी जाने वाली इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने कहा कि वे कूटनीति को पुनः पटरी पर लाने के लिए यूरोपीय संघ और अमेरिका के बीच शिखर सम्मेलन का आह्वान करेंगी। उन्होंने एक बयान में कहा, अमेरिका, यूरोपीय देशों और सहयोगियों के बीच तत्काल एक शिखर सम्मेलन आयोजित किए जाने की आवश्यकता है, जिसमें इस बारे में खुलकर बात की जाए कि हम आज की बड़ी चुनौतियों से कैसे निपटना चाहते हैं। इसकी शुरुआत यूक्रेन से हो, जिसका हमने हाल के वर्षों में मिलकर बचाव किया है।÷ जर्मनी के अगले संभावित चांसलर फ्रेडरिक मर्ज ने 'एक्स' पर लिखा, प्रिय वोलोदिमीर जेलेंस्की, हम अच्छे और मुश्किल समय में यूक्रेन के साथ खड़े हैं। हमें इस भयानक युद्ध में कभी हमलावर और पीड़ित को लेकर भ्रमित नहीं होना चाहिए। एस्टोनिया के प्रधानमंत्री क्रिस्टन मिशल ने कहा कि उनका देश स्वतंत्रता की लड़ाई में जेलेंस्की और यूक्रेन के साथ एकजुट है। इसके अलावा कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, फिनलैंड के प्रधानमंत्री पेटरी ओर्पो, लात्विया के राष्ट्रपति एडगर्स रिंकेविक्स, लग्जमबर्ग के प्रधानमंत्री लुक फ्रीडेन, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क, नीदरलैंड के प्रधानमंत्री कैस्पर वेल्डकैंप ने यूक्रेन और जेलेंस्की के प्रति समर्थन जताया है।

दूसरी ओर, 'व्हाइट हाउस' ने एक बयान जारी कर कहा, राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस की अमेरिका फर्स्ट स्ट्रेंथ को समर्थन मिल रहा है। ट्रंप और वेंस ने दुनिया को स्पष्ट कर दिया है कि अमेरिका का फायदा नहीं उठाने दिया जाएगा। कैबिनेट और पूरे देश के सांसद यह भावना जाहिर कर चुके हैं। बयान में विदेश मंत्री मार्को रुबियो और गृह सुरक्षा मंत्री क्रिस्टी नोएम समेत कई सांसदों के उद्धरण शामिल हैं। बयान में रुबियो ने कहा, अमेरिका के लिए इस तरह खड़े होने के लिए राष्ट्रपति का आभार।

पहले कभी किसी राष्ट्रपति ने ऐसा करने का साहस नहीं किया। अमेरिका को सबसे पहले रखने के लिए आपका धन्यवाद। अमेरिका आपके साथ है! नोएम ने कहा, मुझे हमारे कमांडर-इन-चीफ (ट्रंप) पर बहुत गर्व है। अमेरिका के लिए खड़े होने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस को धन्यवाद। हम अमेरिका का अनादर बर्दाश्त नहीं करेंगे। हालांकि अमेरिकी संसद के सदस्य राजा कृष्णमूर्ति ने राष्ट्रपति ट्रंप और उपराष्ट्रपति वेंस की आलोचना करते हुए कहा कि उन्होंने आज राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अपमानजनक व्यवहार किया। कृष्णमूर्ति ने कहा कि अमेरिकी लोग यूक्रेन के लोगों के साथ खड़े हैं, भले ही ट्रंप व्लादिमीर पुतिन और रूस के साथ खड़े हों।

# अब असेसमेंट ईयर की जगह टैक्स ईयर

//डा. जयंतीलाल भंडारी//

**इन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा लोक सभा में पेश किया गया नया आयकर विधेयक भारत की आयकर व्यवस्था में सुधार और पारदर्शिता के साथ-साथ राजस्व बढ़ाने की बड़ी कोशिश का अहम हिस्सा है। वित्त मंत्री ने पिछले वर्ष जुलाई, 2024 के बजट भाषण में कहा था कि आयकर कानून की कई धाराएं प्रासंगिकता खो चुकी हैं। ये धाराएं विशेष आर्थिक क्षेत्र, दूरसंचार, पूंजीगत लाभ सहित कर छूट एवं कटौती जैसे मामलों में कारगर नहीं रह गई थीं। कानूनी जटिलताएं भी कर अनुपालन में उभरीं और मुश्किलों व मुकदमेबाजी का सबब बनीं। नया आयकर विधेयक कानून बनने के बाद आयकर कानून, 2025 के रूप में एक अप्रैल, 2026 से मौजूदा आयकर कानून, 1961 की जगह ले लेगा।**

गौरतलब है कि 1961 में मौजूदा आयकर कानून लागू किए जाने के बाद से अब तक आयकर कानून की विभिन्न कमियों को दूर करने के लगातार प्रयास किए जाते रहे। खास तौर से 1981 में कंप्यूटरीकरण की शुरु आत के साथ हुई तकनीकी प्रगति ने इलेक्ट्रॉनिक रूप से आयकर चालान की प्रोसेसिंग करने पर ध्यान केंद्रित किया। इस परिप्रेक्ष्य में 2009 में ई-फाईल और पेपर रिटर्न की व्यापक प्रोसेसिंग को संभालने के लिए सेंट्रलाइज्ड प्रोसेसिंग सेंटर (सीपीसी) की स्थापना की गई। पिछले एक दशक से आयकर कानून में जो अहम सुधार किए गए हैं, उनसे जहां आयकरदाताओं को सुविधा मिली वहीं उनकी संख्या बढ़ाने में भी मदद मिली। इन सुधारों में प्रमुख रूप से करदाता चार्टर (टैक्सपेयर चार्टर) और पहचानरहित समीक्षा (फेसलेस असेसमेंट) तथा करदाताओं के लिए पहचानरहित अपील (फेसलेस अपील) व्यवस्था महत्त्वपूर्ण हैं।

इसके अलावा, नॉन फाइलर्स, मॉनिटरिंग सिस्टम (एनएमए) के जरिए ऐसे लोगों की पहचान की जाती है, जिन्होंने हाई वैल्यू ट्रांजैक्शन किया है पर आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया है। इन विभिन्न प्रयासों से पिछले 10 वर्षों में आयकर रिटर्न दाखिल करने वालों की संख्या और आयकर संग्रह में तेज वृद्धि देखी गई है। लेकिन अभी भी बड़ी संख्या में उद्योग-कारोबार सेक्टर में कार्यरत रहते हुए कमाई करने वाले, महंगी आरामदायक और विलासिता की वस्तुओं का उपयोग करने वाले तथा पर्यटन के लिए विदेश यात्राएं करने वालों में से भी बड़ी संख्या में लोग या तो आयकर न देने का प्रयास करते हैं, या फिर बहुत कम आयकर देते हैं।स्थिति यह है कि 2023-24 में देश के 140 करोड़ से अधिक लोगों में से सिर्फ 8.09 करोड़ लोगों ने ही आयकर रिटर्न दाखिल किए। इनमें से भी 4.90 करोड़ लोगों ने शून्य कर योग्य आय की सूचना दी। सिर्फ 3.19 करोड़ लोगों ने ही आयकर दिया है। ऐसे में देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में आयकर का योगदान कम बना हुआ है। दुनिया की कई छोटी-छोटी अर्थव्यवस्थाओं में संग्रहित किए जाने वाले आयकर का उनकी जीडीपी में बड़ा योगदान है। वस्तुतः कर संग्रह में तेज वृद्धि से बुनियादी ढांचे, सामाजिक सेवाओं और जीवन की गुणवत्ता में सुधार के लिए सरकार की क्षमता बढ़ती है।

सरकार की मुट्ठि में बढ़ता कर राजस्व न केवल अर्थव्यवस्था के नवनिर्माण में मदद करता है, बल्कि सरकार को अपने करदाताओं के प्रति जवाबदेह भी बनाता है। यह वित्तीय वर्ष की बेहतर योजना और बजट बनाने में भी मदद करता है। खास तौर से इस समय जब 2047 में देश को विकसित देश बनाने का लक्ष्य रखा गया है, तब जीडीपी में आयकर का योगदान बढ़ाया जाना जरूरी दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि आयकर संबंधी विभिन्न मुश्किलों और चुनौतियों के निराकरण के लिए नये आयकर विधेयक में प्रभावी प्रावधान दिखाई दे रहे हैं। नये आयकर विधेयक को संक्षिप्त, स्पष्ट तथा पढने़-समझने में आसान बनाते हुए 23 अध्यायों में समेटा गया है।

इस विधेयक में 622 पृष्ठ हैं, जबकि मौजूदा कानून में 823 पृष्ठ हैं। शब्द संख्या भी घटाई गई है। मौजूदा कानून के 5.20 लाख शब्दों से घटा कर नये विधेयक में केवल 2.60 लाख शब्द रखे गए हैं। मौजूदा कानून में आरंभ में केवल 298 धाराएं थीं, मगर प्रावधान जुड़ते गए और अब कुल 819 धाराएं हो गई हैं। नये विधेयक ने इन्हें घटा कर 536 कर दिया है। नये आयकर विधेयक में चार्टर ऑफ टैक्सपेयर्स' है, जिससे कर व्यवस्था में विश्वास और पारदर्शिता बढ़ेगी।

वेतनभोगी करदाताओं के लिए विभिन्न प्रावधानों को सहज बनाते हुए हर तरह की कटौती को एक ही धारा के तहत रख दिया गया है। नये विधेयक में मुकदमेबाजी कम करने और टैक्स मामलों को जल्दी सुलझाने पर ध्यान दिया गया है। पुराने कानून में इस्तेमाल किए गए जटिल शब्दों को सरल बना दिया गया है। अब असेसमेंट ईयर' की जगह टैक्स ईयर' होगा। टैक्स ईयर एक अप्रैल से 31 मार्च तक रहेगा। अब क्रिप्टोकरंसी और अन्य डिजिटल असेट्स को कैपिटल असेट' माना जाएगा और उन पर टैक्स लगाया जाएगा। इससे डिजिटल संपत्तियों पर टैक्स सिस्टम के बारे में अधिक स्पष्टता आएगी। नये टैक्स रिजीम के साथ ओल्ड टैक्स रिजीम भी जारी रहेगा। नये आयकर विधेयक में आयकर अधिकारियों के अधिकारों और शक्तियों को बढ़ाया गया है। विधेयक में गलत या अधूरी जानकारी देने पर भारी जुर्माना लगाना सुनिश्चित किया गया है।

## तस्वीरों की दुनिया


दिल्ली के मंत्री प्रवेश वर्मा ने यमुना नदी का दौरा किया और नई दिल्ली में जल गुणवत्ता और पर्यावरण की स्थिति का आकलन करने के लिए सिग्नेचर ब्रिज, आईटीओ बैराज और ओखला बैराज का निरीक्षण किया।


ओल्ड टाउन पुलिस चौकी के पास एक संदिग्ध ग्रेनेड हमला हुआ, जिसके बाद बारामूला में सुरक्षा अलर्ट जारी कर दिया गया और अधिकारियों ने जांच शुरू कर दी है।



दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने नई दिल्ली स्थित दिल्ली विधानसभा में विकसित दिल्ली बजट पर महिला संगठनों के साथ बातचीत की।


उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ हरियाणा के ओढ़ां में माता हरकी देवी ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के वार्षिक दीक्षांत समारोह में शामिल हुए।


दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शालीमार बाग, नई दिल्ली में लोगों से बातचीत की।


लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर कुलियों से बातचीत की।


केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने अपने परिवार के साथ उज्जैन के श्री महाकालेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की।

# पाकिस्तान के बलूचिस्तान में आत्मघाती हमला बाजार में किया गया विस्फोट, पांच की मौत



**इस्लामाबाद, 06 मार्च [एजेंसी]।**

पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत के खुजदार जिले में बुधवार को एक इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) विस्फोट में पांच लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। विस्फोट से पूरे बाजार में अफरातफरी मच गई। पुलिस ने बताया कि विस्फोट नाल मार्केट में हुआ और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। नाल पुलिस स्टेशन हाउस ऑफिसर (एसएचओ) बहावल खान पिंड्रानी ने कहा कि विस्फोट एक मोटरसाइकिल से जुड़ी आईईडी को रिमोट डिवाइस द्वारा विस्फोट करने के बाद हुआ। उन्होंने कहा कि विस्फोट नाल मार्केट में हुआ और घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी रफीक सासोली ने कहा कि घायलों में से दो की हालत गंभीर है और उन्हें मुर्दाघर में पांच शव मिले हैं। खान ने कहा कि बम निरोधक दस्ता मौके पर मौजूद है और घटनास्थल का निरीक्षण कर रहा है। खुजदार के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जावेद जहरी ने एक टेलीविजन चैनल को बताया कि विस्फोट बाजार के आसपास के एक कॉलेज के पास हुआ और वाहन भी जल गए।उन्होंने कहा कि सुरक्षा बलों की समय पर कार्रवाई ने बलूचिस्तान के पिशिन इलाके में एक और आतंकवादी हमले को रोक दिया।

उन्होंने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर कार्रवाई करते हुए पिशिन में चार आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया, क्योंकि वे बुधवार को आतंकी हमले की योजना बना रहे थे।बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर सरफराज बुगती ने एक बयान में विस्फोट की कड़ी निंदा की और कहा कि घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा देखभाल उपलब्ध कराने के आदेश जारी किए गए हैं।

## पुलिसकर्मियों के काम के घंटों पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट, केंद्र और राज्य सरकारों पर भी समाधान का दबाव

**नई दिल्ली 06 मार्च।** पुलिसकर्मियों के काम के घंटों को तय करने का मामला सुप्रीम कोर्ट के एजेंडे में आ गया है। पुलिस सुधार से जुड़े इस अहम मुद्दे को लेकर दाखिल याचिका पर बुधवार को हालांकि सुनवाई नहीं हो सकी। अब शीर्ष अदालत बाद में इस याचिका की सुनवाई की तारीख तय करेगी। पुलिसकर्मियों के काम के घंटे तय करने और साप्ताहिक अवकाश की मांग पर सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दाखिल की गई है। याचिका में कहा गया है कि पुलिसकर्मियों को अभी रोजाना 14 घंटे से लेकर 18 घंटे तक काम करना पड़ता है।उन्हें साप्ताहिक अवकाश भी नहीं मिल पाता, जबकि अमेरिका और ब्रिटेन में पुलिसकर्मियों को सप्ताह में सिर्फ 40 घंटे काम करना होता है। शीर्ष अदालत इस याचिका पर सभी राज्यों को नोटिस जारी कर जवाब मांग चुकी है।

**कोलकाता तिहरे हत्याकांड में बड़ा खुलासा**

# लग्जरी लाइफस्टाइल और 16 करोड़ के कर्ज के कारण दिया घटना को अंजाम



**कोलकाता, 06 मार्च [एजेंसी]।**

कोलकाता के टेंगरा में पिछले महीने हुए तिहरे हत्याकांड की जांच में चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। पुलिस के अनुसार दे परिवार पर 16 करोड़ रुपये का भारी कर्ज था। माना जा रहा है कि यही इस जघन्य अपराध की वजह बना।महंगी जीवनशैली के कारण वे कर्ज में डूबते चले गएसंयुक्त पुलिस आयुक्त रूपेश कुमार ने बताया कि दोनों भाइयों प्रसून दे व प्रणय दे पर 16 करोड़ रुपये का कर्ज था। घर गिरवी रखा हुआ था। बैंक खातों में महज 25 से 40 हजार रुपये थे। तीन कारों में से दो की किश्तें (करीब 47 लाख रुपये) बकाया थीं। विदेश यात्राओं और महंगी जीवनशैली के कारण वे कर्ज में डूबते चले गए। मुख्य आरोपित 43 वर्षीय प्रसून ने अपने बयान में दावा किया है कि उसने ही अपनी पत्नी रोमी दे, भाभी सुदेशना दे की कलाई की नस काटकर हत्या कर दी थी। जबकि पुत्री प्रियम्बदा दे की तकिए से मुंह दबाकर जान से मार डाला था। इस दौरान उसकी मां रोमी ने उसका पैर पकड़ रखा था।

रोमी दे के पिता ने इस घटना में हत्या की शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने प्रसून को गिरफ्तार कर लिया है। आत्महत्या के प्रयास में घायल होने के बाद प्रसून, उसके बड़े भाई प्रणय दे व उनके पुत्र प्रतीप दे का पुलिस की निगरानी में यहां नील रतन सरकार मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में इलाज चल रहा था। यह मामला 19 फरवरी को तब प्रकाश में आया, जब दोनों भाइयों ने आत्महत्या के इरादे से ईस्टर्न मेट्रोपोलिटन बाईपास के पास एक खंभे से अपनी कार टकरा दी। अपनी चोटों का इलाज कराते समय उन्होंने पुलिस को बताया कि उनकी पत्नियों और एक लडकी के शव टेंगरा स्थित उनके घर के अंदर पड़े हुए हैं।इस खुलासे के बाद पुलिस की एक टीम घर पहुंची और शवों को बरामद किया। पोस्टमार्टम से पुष्टि हुई कि यह हत्या का मामला है। पुलिस पूछताछ के दौरान दोनों भाइयों ने दावा किया कि उन्होंने और उनके परिवार ने वित्तीय समस्याओं के कारण आत्महत्या करने का फैसला किया।

# पेड़ से टकराई तेज रफ्तार कार, शादी में शामिल होने गए 4 दोस्तों की मौत

**हिसार, 06 मार्च [एजेंसी]।**



हिसार-मंगाली रोड पर पेड़ से कार टकराने पर चार दोस्तों की मौत हो गई। मंगाली सुरतिया का 19 वर्षीय अंकुश, निखिल, मंगाली मोहब्बतपुर का हितेश और हरिकोट गांव का साहिल शादी समारोह में शामिल होने गए थे। गांव हरिकोट से पहले नहर के पुल नजदीक उनकी कार अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसा बुधवार रात करीब नौ बजे हुआ। सूचना मिलने के बाद आजाद नगर थाना प्रभारी साधुराम व पुलिस मौके पर पहुंच गया। ग्रामीणों की मदद से चारों युवकों को कार से निकालकर अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने चारों को मृत घोषित कर दिया। बताया गया कि साहिल अपने चाचा सुरेश की गाड़ी लेकर दोस्तों को लेकर शादी समारोह में शामिल होने गया था।अंकुश के पिता सरमोद ने बताया कि उनका बेटा अपने दोस्त हितेश, साहिल और निखिल के साथ शादी में जाने की बात कहकर घर से निकला था। हरिकोट के नजदीक पैलेस में शादी समारोह में गए थे।वहां पर कुछ देर रुकने के बाद चारों दोस्त कार से ही हिसार पीएलए में समान लेने आ गए थे। यहां से वापस कार में सवार होकर चारों दोस्त शादी समारोह में जा रहे थे। कार की रफ्तार तेज होने के कारण नहर के पुल के पास पेड़ से जा टकरा गई।उधर, करनाल में डंपर से टकराने के बाद व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। स्वजन की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायत में दरड़ गांव निवासी धीरज ने बताया कि उसका बेटा बलजिंदर बड़ा गांव के पास लोहे की फैक्ट्री में काम करता था।

चार मार्च को वह बाइक पर सवार होकर रात आठ बजे अपनी पत्नी बिंदु को नीलोखेड़ी के अस्पताल में देखने गया था। उसकी पत्नी अस्पताल में दाखिल है। कुछ समय बाद ही उन्हें सूचना मिली कि उसके बेटे के साथ सड़क हादसा हो गया है। जिसे राहगीरों ने अस्पताल में भर्ती कराया। जब वह अस्पताल में पहुंचा तो उसकी मौत हो चुकी थी। उन्हें पता चला कि जब वह रंबा के पास पहुंचा तो आगे चल रहे डंपर चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे उसकी बाइक का नियंत्रण बिगड़ गया और वह डंपर से टकरा गया और गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## लकड़ी के गोदाम में लगी आग लाखों का माल जलकर हुआ राख

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में बुधवार रात एक लकड़ी के गोदाम में भीषण आग लग गई, इस आग में गोदाम में रखा माल जल गया। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलने के बाद आग बुझाने के लिए दमकल की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं।अधिकारियों के मुताबिक, अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कानपुर के सीएफओ दीपक शर्मा ने कहा कि 10 फायर टेंडर यहां मौजूद हैं और आग पर काबू पाने के लिए ऑपरेशन जारी है।उन्होंने कहा कि कानपुर के कलेक्टरगंज में लकड़ी मंडी में आग लग गई...दमकल टीम मौके पर...आग पर काबू पाने के लिए ऑपरेशन जारी है...दमकल की 10 गाड़ियां यहां मौजूद हैं। वहीं, वीडियो में देख सकते हैं कि गोदाम से भारी धुआं निकलता दिख रहा है।

## 9 महीने बाद धरती पर लौटेंगी सुनीता विलियम्स साथी विल्मोर ने क्यों कहा राजनीति जीवन का हिस्सा



**केप केनवेरल, 06 मार्च [एजेंसी]।**

अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन पर लगभग नौ महीने से फंसीं नासा की अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स साथी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर के साथ जल्द धरती पर लौटने वाली हैं। दोनों पिछले वर्ष पांच जून को बोइंग के अंतरिक्षयान स्टारलाइनर से आईएसएस पहुंचे थे। मगर स्टारलाइनर में तकनीकी समस्या के कारण उनकी वापसी नहीं हो सकी।आखिरकार नौ महीने बाद विल्मोर और सुनीता इस महीने के अंत में अंतरिक्ष स्टेशन से लौट सकते हैं। अगले सप्ताह तक उनकी जगह अन्य अंतरिक्षयात्रियों के आईएसएस पहुंचने की उम्मीद है। विल्मोर ने कहा कि राजनीति जीवन का हिस्सा है, लेकिन इसने उनकी और सुनीता की वापसी पर असर नहीं पड़ा।हालांकि, स्पेसएक्स कैप्सूल में बदलाव के कारण उनकी वापसी का समय कुछ हफ्ते और बढ़ गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और स्पेसएक्स के मालिक एलन मस्क ने कहा था कि वे अंतरिक्षयात्रियों की वापसी में तेजी लाना चाहते हैं। विलंब के लिए उन्होंने बाइडन प्रशासन को दोषी ठहराया था। सुनीता ने एक प्रश्न के उत्तर में मस्क के हाल के उस बयान आपत्ति जताई जिसमें उन्होंने दो वर्षों में ही अंतरिक्ष स्टेशन को बंद करने की बात कही थी।

# राहुल गांधी पर लगा 200 रुपए जुर्माना



**नईदिल्ली, 06 मार्च [एजेंसी]।**

लखनऊ स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट ने बुधवार को सावरकर के खिलाफ कथित आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर 200 रुपये का जुर्माना लगाया है। इसके अलावा कोर्ट ने गांधी को अगली सुनवाई के दौरान अदालत में उपस्थित नहीं होने पर कठोर चेतावनी भी दी है।दरअसल अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आलोक वर्मा ने दिसंबर 2024 में सुनवाई के दौरान राहुल गांधी को बुधवार को कोर्ट में मौजूद रहने के निर्देश दिए थे। सुनवाई के दौरान कांग्रेस नेता उपस्थित नहीं रहे और उनकी टीम की तरफ से एक आवेदन दायर किया गया, जिसमें उनकी व्यक्तिगत पेशी की छूट की अपील की गई थी।ऐसे में कोर्ट ने नेता प्रतिपक्ष पर 200 रुपये का जुर्माना लगाते हुए कहा कि यह राशि शिकायतकर्ता के वकील को दी जाएगी। कोर्ट ने अगली सुनवाई 14 अप्रैल को निर्धारित करते हुए गांधी को हिदायत दी कि यदि वह अगली सुनवाई में मौजूद नहीं रहे तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जा सकती है।हालांकि कांग्रेस नेता के वकील की तरफ से दलील दी गई कि विपक्ष के नेता के पास विदेशी गणमान्यों के साथ मीटिंग समेत कई अन्य पूर्व निर्धारित कार्यक्रम थे, जिसके कारण वह व्यक्तिगत तौर पर वह कोर्ट में उपस्थित नहीं हो सके।बताते चलें कि जिस टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी पर यह मामला दर्ज हुआ था, वह 17 नवंबर 2022 का है। इस वक्त उनकी भारत जोड़ो यात्रा महाराष्ट्र प्रदेश के अकोला जिले से गुजर रही थी।कांग्रेस नेता की टिप्पणी के खिलाफ अधिवक्ता नृपेंद्र पांडे ने शिकायत दर्ज कराई थी, उन्होंने आरोप लगाया था कि यह टिप्पणी जानबूझकर की गई थी। शिकायतकर्ता के अनुसार, सावरकर को बदनाम करने के इरादे से यह टिप्पणी पूरी तैयारी से की गई थी और इसी के तहत इसे सोशल मीडिया पर प्रसारित भी किया गया था।

## पाकिस्तानी सेना का दावा, खैबर पख्तूनख्वा में हुए आत्मघाती हमले में अफगानिस्तानी नागरिक शामिल

**पेशावर।** पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के बन्नू में स्थित सेना की छावनी पर मंगलवार शाम को हुए आतंकी हमले को लेकर वहां की सेना ने अफगानिस्तान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पाकिस्तानी सेना ने कहा है कि खुफिया रिपोर्टों ने बन्नू में हुए आतंकी हमले में अफगानिस्तान के नागरिकों के शामिल होने की पुष्टि की है।इस आतंकी हमले में पाकिस्तानी सेना के पांच जवान, 13 आम नागरिक और 16 आतंकवादियों की मौत हो गई। मारे गए आतंकवादियों में चार आत्मघाती हमलावर भी थे। पेशावर से लगभग 200 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में बन्नू छावनी पर हुए आत्मघाती हमले के बाद पाकिस्तानी सेना ने कहा कि वह सीमा पार से उत्पन्न खतरों के जवाब में आवश्यक कदम उठाने का अधिकार सुरक्षित रखती है।

# जुमा-जामी या जामा.... क्या है सही नाम, इलाहाबाद HC ने पूछा, संभल मस्जिद के नाम पर भी विवाद



**प्रयागराज, 06 मार्च [एजेंसी]।**

संभल में कथित मस्जिद के नाम को लेकर भी विवाद की स्थिति है। इलाहाबाद हाई कोर्ट में प्रबंध समिति जामी मस्जिद संभल की पुनरीक्षण याचिका की सुनवाई के दौरान भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के अधिवक्ता मनोज कुमार सिंह ने इस बात पर आपत्ति जताई कि एएसआई के दस्तावेजों में मस्जिद का नाम जुमा मस्जिद लिखा है। सेक्रेटरी आफ स्टेट व मस्जिद के मुतवल्ली के बीच वर्ष 1927 में हुए करार में भी जुमा मस्जिद का जिक्र है, जबकि याचिका जामी मस्जिद के नाम दाखिल है। पिछली तिथि 28 फरवरी को सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति रोहित रंजन अग्रवाल ने याची के वरिष्ठ अधिवक्ता एसएफए नकवी से पूछा था कि असली नाम क्या है। तो उन्होंने बताया था कि जामा मस्जिद है।

वह संशोधन अर्जी देंगे, किंतु कोई संशोधन अर्जी नहीं आई।इसलिए यह सवाल अब भी कायम है कि संभल मस्जिद जामा मस्जिद है अथवा जामी मस्जिद या जुमा मस्जिद। यदि गलत नाम से याचिका दायर है और नाम संशोधित नहीं किया गया तो इसी आधार पर याचिका खारिज की जा सकती है। अगली सुनवाई पर यह मुद्दा फिर उठ सकता है। फिलहाल महाधिवक्ता ने संभल मस्जिद को विवादित मस्जिद ढांचा कहा है। विपक्षी हरिशंकर जैन ने भी ऐसी ही मांग की है। उन्होंने कहा कि मस्जिद नहीं, विवादित ढांचा कहा जाए। अधीनस्थ अदालत में कथित मस्जिद, मंदिर है या मस्जिद यही विवाद चल रहा है। इस प्रकरण में अगली सुनवाई 10 मार्च को होगी। जामा मस्जिद प्रकरण में अब 28 अप्रैल को सुनवाई होगी। बुधवार को मस्जिद कमेटी की ओर से उत्तर पत्र प्रस्तुत किया जाना था। कमेटी के अधिवक्ता शकील वारसी ने बताया कि वह तैयारी के साथ कोर्ट गए थे। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट व हाईकोर्ट से स्टे हो चुका है। ऐसी स्थिति में स्थानीय कोर्ट ने सुनवाई के स्थान पर अगली तारीख दे दी है। 19 नवंबर 2024 को एक पक्ष ने जामा मस्जिद में हरिहर मंदिर होने का दावा होने पर उसी दिन सर्वे किया गया था।एडवोकेट कमिश्नर ने शेष सर्वे दूसरे चरण में करने का निर्णय लिया था। 24 नवंबर को दूसरे सर्वे के दौरान भीड़ ने हिंसा कर दी थी। इसमें चार युवक मारे गए। पथराव व गोली लगने से एक डिप्टी कलक्टर, एसपी, सीओ व अन्य करीब डेढ़ दर्जन से अधिक लोग घायल हुए थे। बीते दिनों जामा मस्जिद कमेटी सर्वे पर आपत्ति करते हुए सुप्रीम कोर्ट चली गई। इस पर शीर्ष अदालत ने सिविल कोर्ट में सुनवाई पर रोक लगा दी है। स्थानीय कोर्ट ने सुनवाई के बजाय तारीख लगा दी है।

# लाल बहादुर ने DM से कहा- पूरे परिवार के साथ करूंगा सुसाइड, नीतीश के फेमस MLA ने बढ़ाई JDU की टेंशन



**भागलपुर, 06 मार्च [एजेंसी]।**

जदयू के गोपालपुर विधायक एवं सचेतक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल पर जमीन कब्जा करने का आरोप लगा कभी उनके करीबी रहे लाल बहादुर सिंह ने आत्मदाह करने की बात कही है।लाल बहादुर सिंह ने कहा है कि उनकी जमीन से विधायक का कब्जा नहीं हटाया गया तो वह 30 मार्च 2025 को तिलकामांझी चौक पर स-परिवार 11 बजे आत्मदाह कर लेंगे।उन्होंने इस बाबत जिलाधिकारी को आवेदन देकर अपने और परिवार के फैसले की जानकारी दे दी है। लाल बहादुर ने कहा है कि वह वर्तमान में गार्डेन हाइट सोसाइटी जीरोमाइल में रहते हैं। उनके अपने नाम और पत्नी माधुरी प्रसाद के नाम 71.85 डिसमल जमीन सूर्य मोहन ठाकुर रोड जीरोमाइल के समीप है। विधायक गोपाल मंडल जबरन मेरे 32.19 डिसमल जमीन पर चारदीवारी का निर्माण कर कब्जा किया जा रहा था तब विरोध करने पर गोलीबारी की घटना को वर्ष 2022 में अंजाम दिया गया था। एक बार फिर विधायक की तरफ से उक्त जमीन को कब्जा कर चारदीवारी निर्माण कराया जा रहा है जिस जमीन को वह प्रकाश चंद्र यादव को बेच चुके हैं। अब प्रकाश चंद्र यादव उनसे बिक्री की गई जमीन का पैसा मांग रहे हैं। ऐसे में विधायक की तरफ से कराए जा रहे अवैध निर्माण को हटाने की कार्रवाई की जाए। ऐसा नहीं करने पर उनके पास परिवार समेत आत्मदाह ही एकमात्र विकल्प बचा है।आगामी विधानसभा चुनाव से पहले भागलपुर नगर विधानसभा सीट को लेकर जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने अपनी दावेदारी ठोक दी है।महानगर जदयू की बूथस्तरीय बैठक बुधवार को साह धर्मशाला, लहेरीटोला में संपन्न हुई, जहां कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर मांग की कि यह सीट जदयू के खाते में जानी चाहिए। भागलपुर नगर विधानसभा सीट को लेकर सियासी हलचल तेज हो गई है। जदयू के इस आक्रामक रुख से यह साफ हो गया है कि पार्टी यहां से अपनी दावेदारी को लेकर कोई समझौता करने के मूड में नहीं है।बैठक की अध्यक्षता करते हुए महानगर जदयू के जिलाध्यक्ष संजय साह ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता लगातार संगठन को मजबूत कर रहे हैं और जमीनी स्तर पर जदयू की पकड़ मजबूत है। उन्होंने प्रदेश नेतृत्व से अपील की कि भागलपुर नगर विधानसभा सीट जदयू को मिले, ताकि पार्टी कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़े और जनता तक सरकार की नीतियां और योजनाएं प्रभावी रूप से पहुंचाई जा सकें।बूथ स्तर पर मजबूती की रणनीति तैयार बैठक में प्रदेश महासचिव सह जिला संगठन प्रभारी प्रह्लाद सरकार ने बूथ स्तर को मजबूत करने के लिए दिशा-निर्देश दिए और शीघ्र बूथ कमिटी गठित कर प्रदेश कार्यालय में भेजने को कहा।उन्होंने स्पष्ट किया कि जदयू संगठन मजबूती के आधार पर चुनावी मैदान में उतरेगा और अपनी दावेदारी को और सशक्त बनाएगा। कई ने ली जदयू की सदस्यता बैठक में कई लोगों ने मुख्यमंत्री की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए जदयू की सदस्यता ग्रहण की।

## तेलंगाना सुरंग हादसाः रेस्क्यू ऑपरेशन में क्या रोबोट की ली जा सकती मदद, एक्सपर्ट टीम संभावना तलाशने में जुटी

**नगरकुरनूल।** तेलंगाना के नगरकुरनूल में श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल (एसएलबीसी) के निर्माणाधीन खंड के ढहने के बाद पिछले 12 दिन से सुरंग में फंसे आठ लोगों के बचाव का अभियान बुधवार को तेज गति से जारी है। बचाव अभियान के तहत वैज्ञानिकों द्वारा सुझाए गए स्थानों पर मानव उपस्थिति का पता लगाने के लिए खोदाई की जा रही है।वहीं, रोबोटिक्स कंपनी की एक टीम आंशिक रूप से ध्वस्त एसएलबीसी सुरंग के अंदर गई, जहां लोग फंसे हुए हैं। राज्य सरकार बचाव अभियान में रोबोट के इस्तेमाल की संभावना तलाश रही है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि दिल्ली स्थित राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक भी बचाव दलों के साथ भूकंप संबंधी अध्ययन करने के लिए सुरंग के अंदर गए हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि हैदराबाद स्थित रोबोटिक्स कंपनी की टीम ने जांच की कि क्या रोबोट सुरंग के अंदर गहराई तक जा सकता है और क्या यह वहां काम कर सकता है, क्योंकि वहां आर्द्रता अधिक है। उन्होंने कहा कि टीम बताएगी कि रोबोट काम कर सकते हैं या नहीं।

## गंभीर परिणाम भुगतने पड़ेंगे, ट्रंप ने जेलेंस्की को दिया एक और झटका, अब इस चीज पर लगाया प्रतिबंध



**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूक्रेन पर दबाव बनाने के लिए एक और कदम उठाया है। इस देश के लिए सभी अमेरिकी सैन्य सहायता पर रोक लगाने के बाद इसके साथ खुफिया जानकारी साझा करने पर भी रोक लगा दी है। सीआईए के निदेशक जान रैटक्लिफ ने बुधवार को बताया कि सैन्य सहायता के साथ ही यूक्रेन के साथ खुफिया जानकारी साझा करने पर भी रोक लगा दी गई है। यह कदम ट्रंप प्रशासन के रूस-यूक्रेन युद्ध समाप्त कराने के प्रयास के तहत कीव पर दबाव बनाने के लिए उठाया गया है। अमेरिका के इस कदम से यूक्रेनी सेना की रूसी बलों को निशाना बनाने की क्षमता गंभीर रूप से प्रभावित हो सकती है। रैटक्लिफ ने बताया कि ट्रंप ने खुफिया जानकारी साझा करने पर रोक लगाने के लिए कहा है। इसके बाद कुछ समय के लिए यूक्रेन के साथ खुफिया जानकारी साझा करने पर रोक लगा दी गई है। जबकि ट्रंप प्रशासन के अधिकारियों ने कहा कि यह यूक्रेन के लिए चेतावनी है। अगर उसने ट्रंप की शांति योजना में सहयोग नहीं किया तो गंभीर परिणाम भुगतने होंगे।

रूस के राष्ट्रपति भवन क्रेमलिन ने बुधवार को कहा कि यूक्रेन ने 2022 में एक कानून पारित किया था, जो इस देश के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की को अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन के साथ वार्ता में शामिल होने से रोकता है।ऐसे में सवाल उठता है कि तीन वर्ष से ज्यादा समय से जारी युद्ध को खत्म करने के लिए संभावित वार्ता में कौन हिस्सा ले सकता है। क्रेमलिन के प्रवक्ता दमित्रि पेस्कोव ने कहा कि जेलेंस्की के रूसी पक्ष के साथ वार्ता में शामिल होने पर अभी भी कानूनी तौर पर रोक है।

## कृति सनोन ने बताया उनका पसंदीदा सीजन आ गया



हममें से ज़्यादातर लोगों की तरह, कृति सनोन का भी पसंदीदा मौसम आम का मौसम है। जैसे-जैसे गर्मियाँ आ रही हैं, लुका छुपी की अभिनेत्री ने कुछ स्वादिष्ट आमों का लुत्फ़ उठाते हुए एक वीडियो शेयर किया है। इतना ही नहीं, कृति सनोन ने भी आम के रंग की पोशाक पहन रखी थी, जिससे वह अपनी स्वाद कलिकाओं को संतुष्ट कर रही थीं। कृति सनोन ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, मेरा पसंदीदा सीज़न आ गया है..जब आप इसके बारे में सोचते हैं तो आपके दिमाग में क्या आता है? मुझे एक ऐसा जवाब दीजिए जो आम से अलग हो!

पिछले हफ़्ते, कृति सनोन ने आनंद एल राय की अगली फ़िल्म तेरे इश्क में के सेट पर अपनी मिठाई की तलब को शांत किया। शूटिंग के दौरान उन्हें कुछ स्वादिष्ट जलेबी खिलाई गईं। उन्होंने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर एक छोटा वीडियो डाला, जिसके साथ उन्होंने कैप्शन लिखा, आपको पता चलता है कि आप ञआनंदलराय सर के सेट पर हैं जब....कृति सनोन पहली बार धनुष के साथ तेरे इश्क में में नज़र आएंगी। बहुप्रतीक्षित ड्रामा की कहानी हिमांशु शर्मा ने नीरज यादव के साथ मिलकर लिखी है। आनंद एल राय, हिमांशु शर्मा, भूषण कुमार और कृष्ण कुमार ने मिलकर इस प्रोजेक्ट को प्रोड्यूस किया है। टी-सीरीज और कलर येलो के सहयोग से गुलशन कुमार द्वारा प्रस्तुत तेरे इश्क में 2013 की फिल्म रांझणा का आध्यात्मिक उत्तराधिकारी है, जो एकतरफा प्यार और भावनात्मक संघर्ष के विषयों पर गहराई से प्रकाश डालता है। तेरे इश्क में के टीज़र में घोषणा की गई, पिछली बार तो कुन्दन था, मान गया पर इस बार शंकर को कैसे रोकोगे? (पिछली बार यह कुन्दन था, उसने इसे स्वीकार कर लिया, लेकिन इस बार आप शंकर को कैसे रोकेंगे?)। वीडियो में धनुष को दीवार पर आग जलाते हुए दिखाया गया है, जिस पर लिखा है, रांझणा की दुनिया से।

# शैंपू से सिर धोने के दो दिन बाद ही बाल चिपचिपे लगते हैं? अपनाएं ये तरीके

क्या आपके बाल शैंपू करने के दो दिन बाद ही चिपचिपे और बेजान लगने लगते हैं? यह समस्या कई लोगों को होती है।

इसका कारण गलत देखभाल या कुछ आदतें हो सकती हैं, जो आपके बालों की सेहत पर असर डालती हैं। सही तरीके से बालों की देखभाल करके आप इस समस्या से छुटकारा पा सकते हैं।

आइए आज हम आपको कुछ टिप्स देते हैं, जिन्हें अपनाकर आप बालों को लंबे समय तक साफ रख सकते हैं।

सही शैंपू का चुनाव करें

बालों की चिपचिपाहट का एक बड़ा कारण गलत शैंपू का इस्तेमाल हो सकता है।

अगर आपके बाल जल्दी चिपचिपे हो जाते हैं तो हल्के और सल्फेट-फ्री शैंपू का चुनाव करें। यह आपके स्कैल्प से अतिरिक्त तेल हटाने में मदद करेगा बिना उसे नुकसान पहुंचाए।

ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा फोम बनाने वाले शैंपू अक्सर अधिक ड्राई कर देते हैं, जिससे स्कैल्प अधिक तेल पैदा करता है।

कंडीशनर का सही इस्तेमाल करें

कंडीशनर का सही इस्तेमाल बालों की सेहत के लिए बहुत जरूरी है। इसे हमेशा बालों के सिरों पर लगाएं, जड़ों पर नहीं।

जड़ों पर कंडीशनर लगाने से स्कैल्प में तेल जमा हो सकता है, जिससे बाल जल्दी चिपचिपे हो सकते हैं।

कंडीशनर को अच्छी तरह से धोना भी अहम है ताकि कोई अवशेष न रह जाए। इससे आपके बाल मुलायम और चमकदार रहेंगे, साथ ही चिपचिपाहट की समस्या भी कम होगी।

गर्म पानी से बचें-गर्म पानी से सिर धोने पर स्कैल्प के प्राकृतिक तेल तेजी से निकल जाते हैं, जिससे स्कैल्प अधिक तेल पैदा करने लगता है और बाल जल्दी चिपचिपे हो जाते हैं।

इसलिए हमेशा गुनगुने या ठंडे पानी का ही इस्तेमाल करें ताकि स्कैल्प का तेल संतुलित रहे और बाल लंबे समय तक साफ रहें।



यह तरीका आपके बालों को मुलायम और चमकदार बनाए रखता है, जिससे वे स्वस्थ दिखते हैं।

नियमित रूप से ब्रश करें-बालों को नियमित रूप से ब्रश करना जरूरी है क्योंकि इससे स्कैल्प में जमा प्राकृतिक तेल पूरे बालों में फैल जाता है, जिससे वे स्वस्थ और कम चिपचिपे दिखते हैं।

ब्रशिंग से खून का संचार भी बेहतर होता है, जो बालों को मजबूत बनाता है। ध्यान रखें कि बहुत ज्यादा ब्रश करना नुकसानदायक हो सकता है क्योंकि इससे बाल टूट सकते हैं। संतुलित मात्रा में ब्रश करें ताकि आपके बाल स्वस्थ और चमकदार बने रहें।

सूखे शैंपू का उपयोग करें-अगर आपके पास रोजाना बाल धोने का समय नहीं है तो सूखा शैंपू एक अच्छा विकल्प हो सकता है। यह आपके बालों में जमा अतिरिक्त तेल को तुरंत सोख लेता है, जिससे वे ताजगी भरे और साफ दिखते हैं।

इसे स्कैल्प पर हल्के से छिड़कें और उंगलियों से मालिश करें ताकि तेल अच्छी तरह से सोख लिया जाए। यह तरीका खासतौर पर उन दिनों के लिए उपयोगी होता है जब आप जल्दी में हों या यात्रा कर रहे हों।

खान-पान पर ध्यान दें-आपके आहार का सीधा असर आपकी त्वचा और बालों पर पड़ता है। अगर आप ज्यादा तैलीय भोजन खाते हैं तो आपकी त्वचा और स्कैल्प अधिक तैलीय हो सकते हैं। इसलिए संतुलित आहार लेना जरूरी है। अपने खाने में हरी सब्जियां, फल और पर्याप्त मात्रा में पानी शामिल करें। इससे आपकी त्वचा और स्कैल्प स्वस्थ रहेंगे और बालों की चिपचिपाहट भी कम होगी।

सही पोषण से बालों की जड़ें मजबूत होती हैं, जिससे बाल लंबे समय तक साफ रहते हैं।



## सिकंदर का पहला गाना जोहरा जबीन जारी

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान और नेशनल क्रश रश्मिका मंदाना ने सिकंदर के पहले गाने जोहरा जबीं में अपनी सिजलिंग केमिस्ट्री से स्क्रीन पर आग लगा दी है. रिलीज हुए सिकंदर के पहले गाने ने ही फैंस के बीच जबरदस्त चर्चा बटोरी है. इसकी हाई-एनर्जी बीट्स और सलमान रश्मिका के किलर मूव्स जबरदस्त लग रहे हैं.

जोहरा जबीं सलमान खान और रश्मिका मंदाना स्टारर सिकंदर का पहला गाना है. गाने में रश्मिका और सलमान की केमिस्ट्री ने स्टेज पर आग लगा दी. इस गाने को नकाश अजीज और देव नेगी ने अपनी आवाज दी है. वहीं गाने का रैप वाला पार्ट मेलो डी लिखा और गाया है. इस गाने में प्रीतम ने अपने म्यूजिक से जादू बिखेर दिया है.

सिकंदर का पहला गाना जोहरा जबीं फैंस को काफी पसंद आ रहा है और जल्द ही यह ट्रेंडिंग करेगा. गाने पर एक यूजर ने लिखा, जबरदस्त मजा आ गया. आखिरकार गाना रिलीज हो गया. एक ने लिखा, सलमान और रश्मिका की केमिस्ट्री ने स्टेज पर आग लगा दी है. एक ने लिखा, मां कसम क्या गाना है.

सिकंदर का टीजर लोगों को खूब पसंद आया है, टीजर में भाईजान फुल एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं. वहीं उनकी और रश्मिका की जोड़ी एकदम रिफ्रेशिंग लग रही है.

# क्यों रोजाना मॉइस्चराइजर का उपयोग करना जरूरी है? यहां जानिए

त्वचा की देखभाल में मॉइस्चराइजर का अहम रोल होता है। चाहे आपकी त्वचा रूखी हो या तैलीय, मॉइस्चराइजर का नियमित उपयोग आपकी त्वचा को स्वस्थ और चमकदार बनाए रखने में मदद करता है।

यह लेख खासकर महिलाओं के लिए उन कारणों पर ध्यान केंद्रित करेगा, जिनकी वजह से आपको अपनी रोजमर्रा की स्किनकेयर रूटीन में मॉइस्चराइजर को शामिल करना चाहिए।

मॉइस्चराइजर न केवल त्वचा की नमी बनाए रखता है बल्कि उसे मुलायम भी बनाता है।

त्वचा की नमी बनाए रखने में है मददगार

मॉइस्चराइजर का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह आपकी त्वचा की नमी को बनाए रखता है।

जब आप इसे नियमित रूप से लगाते हैं तो यह आपकी त्वचा को सूखने से बचाता है और उसे मुलायम बनाता है, खासकर सर्दियों के मौसम में जब हवा शुष्क होती है तब मॉइस्चराइजर का उपयोग बहुत जरूरी हो जाता है।

इससे आपकी त्वचा फटने या खुरदरी होने से बचती है और उसमें प्राकृतिक चमक बनी रहती है।

उम्र बढ़ने के लक्षणों को कर सकता है कम

उम्र बढ़ने के साथ हमारी त्वचा पर झुर्रियां और महीन रेखाएं दिखने लगती हैं, जिससे चेहरे की ताजगी कम हो जाती है।

नियमित रूप से मॉइस्चराइजर का उपयोग करने से ये लक्षण कम नजर आते हैं। मॉइस्चराइजर त्वचा को नमी प्रदान करता है, जिससे त्वचा में कसावट रहती है और झुर्रियां कम दिखाई देती हैं।

इससे चेहरा जवान और तरोताजा नजर आता है और त्वचा की प्राकृतिक चमक बनी रहती है।

सूरज की हानिकारक किरणों से दे सकता है सुरक्षा

आजकल बाजार में ऐसे कई मॉइस्चराइजर उपलब्ध हैं,



जिनमें सनस्क्रीन भी मिला होता है।

ये उत्पाद सूरज की हानिकारक यूवी किरणों से आपकी त्वचा की रक्षा करते हैं। अगर आप बाहर जाती हैं तो इस तरह के मॉइस्चराइजर्स का उपयोग जरूर करें ताकि आपकी त्वचा धूप से बची रहे और टैनिंग जैसी समस्याओं से दूर रहे।

यह आपकी त्वचा को नमी देने के साथ-साथ उसे स्वस्थ बनाए रखने में भी मदद करता है।

मेकअप बेस के रूप में कर सकता है काम

अगर आप मेकअप करती हैं तो आपको पता होगा कि एक अच्छा बेस कितना जरूरी होता है।

मॉइस्चराइजर आपके मेकअप के लिए बेहतरीन बेस तैयार करता है, जिससे आपका मेकअप लंबे समय तक टिकता है और फ्लॉलेस दिखता है।

यह त्वचा में नमी बनाए रखता है, जिससे फाउंडेशन और अन्य प्रोडक्ट्स आसानी से ब्लेंड हो जाते हैं।मॉइस्चराइजर लगाने से त्वचा चिकनी रहती है और चेहरे पर प्राकृतिक चमक भी आती है, जो आपके लुक को निखार देती है।

## बॉक्स ऑफिस पर नहीं थम रहा छावा का तूफान, 18वें दिन जुटाए इतने करोड़ रुपये



विक्की कौशल की हिस्टोरिकल पीरियड ड्रामा फिल्म छावा अब तेलुगू भाषा में भी रिलीज होने को तैयार है. बीते दिन छावा का तेलुगू ट्रेलर रिलीज हुआ है. छावा के मेकर्स ने तेलुगू सिनेलवर्स की डिमांड पर यह फैसला लिया है. छावा हिंदी सिनेमा में छा गई है. बीती 14 फरवरी को रिलीज हुई फिल्म छावा ने बॉक्स ऑफिस पर अपने शानदार 18 दिन पूरे कर लिए हैं. छावा ने अपने तीसरे सोमवार बॉक्स ऑफिस पर कितना कलेक्शन किया है और फिल्म का कुल कलेक्शन कितना हो गया है. आइए जानते हैं.छावा भारत में 500 करोड़ रुपये की ओर बढ़ रही है और छावा के पास इस हफ्ते भी कमाने का बड़ा मौका है. सैकनिल्क के अनुसार छावा की कमाई में 18वें 65.98 फीसदी की बड़ी गिरावट दर्ज हुई है. फिल्म छावा ने जहां 17वें दिन (रविवार) 24.25 करोड़ रुपये का कारोबार किया था. वहीं, 18वें दिन यानि तीसरे सोमवार 8.25 करोड़ रुपये कमाए हैं. इसी के साथ छावा का भारत में कुल कलेक्शन 467.15 (अनुमानित) करोड़ रुपये हो गया है. छावा के वर्ल्डवाइड कलेक्शन की बात करतें यह 600 करोड़ रुपये से ज्यादा का हो चुका है.छावा विक्की कौशल के अब तक के करियर की सबसे कमाऊ फिल्म बन गई है.



## निकिता दत्ता की लेटेस्ट फोटोज ने इंटरनेट पर मचाया बवाल

बॉलीवुड एक्ट्रेस निकिता दत्ता हमेशा लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। वो जब भी अपनी तस्वीरें इंटरनेट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें फैंस के बीच साझा की हैं। इन तस्वीरों में उनका किलर अवतार देखकर फैंस एक बार फिर से अपने होश खो बैठे हैं।

बी-टाउन की ग्लैमरस हसीना निकिता दत्ता आए दिन अपनी हॉट और बोल्ड लुक्स की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती रहती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है।

अब हाल ही में एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। इन तस्वीरों में उनका कातिलाना अवतार देखकर फैंस की नजरें उन पर से हटने का नाम नहीं ले रही हैं।

इन फोटोज में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने पर्पल कलर की हॉल्टर नेक लुक में आउटफिट पहना हुआ है, जिसमें वो एक से बढ़कर एक स्टनिंग अंदाज में पोज देती हुई नजर आ रही हैं।

ग्लैम मेकअप, बालों का हाई बन बनाकर और रेड लिप्सटिक लगाकर एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को कंप्लीट किया है।

बता दें कि एक्ट्रेस निकिता दत्ता जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है।

निकिता दत्ता सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट भी काफी जबरदस्त है।

## बॉक्स ऑफिस पर सोहम शाह की फिल्म क्रेजी का हाल-बेहाल

अभिनेता सोहम शाह की फिल्म क्रेजी को 28 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था, लेकिन पहले दिन से ही बॉक्स ऑफिस पर फिल्म की हालत पस्त है।

इस फिल्म से निर्माताओं को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह कुछ खास कमाल दिखा सकी। महज 4 दिन में फिल्म का कारोबार लाखों में सिमट गया है।

अब क्रेजी की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े भी सामने आ गए हैं, जो अब तक का सबसे कम कारोबार है। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, क्रेजी ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी पहले सोमवार को 75 लाख रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 4.50 करोड़ रुपये हो गया है।

बता दें कि क्रेजी ने 1 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत की थी, वहीं दूसरे दिन यह 1.35 करोड़ रुपये कमाने में सफल रही। तीसरे दिन इस फिल्म ने 1.4 करोड़ रुपये कमाए थे।

## शब्द सामर्थ्य - 346

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 345 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ढ़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | न्ना | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | व | न | ■ | गु | रु | वा | र |








# विष्णु देव साय के नेतृत्व में लगातार स्वास्थ्य सुविधाओं का हो रहा विस्तार

### प्रदेश में कोरिया जिला बना अव्वल

**कोरिया बैकुंठपुर।** देशभर में गरीब व जरूरतमंदों को बेहतर इलाज की सुविधा देने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आयुषमान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की शुरुआत की थी। इस योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाकर 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कराया जा सकता है।

इसी कड़ी में छत्तीसगढ़ का कोरिया जिला आयुष्मान भारत योजना के तहत पूरे प्रदेश में शीर्ष स्थान पर पहुंच गया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा लगातार गरीब व जरूरतमंद तबकों के बेहतर इलाज के लिए प्रदेश में स्वास्थ्य अधोसंरचना का लगातार विस्तार किया जा रहा है। वहीं स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के निर्देश पर राज्य के सरकारी अस्पतालों में बुनियादी सुविधाओं में वृद्धि हो रही है।

बैकुंठपुर के विधायक भईया लाल राजवाड़े और भरतपुर- सोनहत विधायक श्रीमती रेणुका सिंह के प्रयासों के कारण ही जिला अस्पताल सहित विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञ की पदस्थापना हुई है और सुविधाएं मुहैया होने लगी है।

### मेहनत, मॉनिटरिंग और सक्रियता,

कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी की सतत मॉनीटरिंग, प्रशासन की सक्रियता और जनभागीदारी के कारण जिले में 94.6प्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाए जा चुके हैं, जबकि 106.3प्रतिशत परिवार इस योजना के तहत कवर हो चुके हैं। जानकारी के अनुसार, कोरिया जिले में 2.76 लाख राशन कार्डधारी परिवारों में से 2.61 लाख को आयुष्मान कार्ड का लाभ मिल चुका है। इसके अलावा, जिले के 45 ग्राम पंचायतों (134 गांवों) में 95त्न से अधिक कवरेज पूरा कर लिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग की नियमित समीक्षा बैठकें और गांव-गांव लगाए गए शिविरों ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने अभियान की अगुवाई करते हुए सुनिश्चित किया कि हर पात्र व्यक्ति को इस योजना का लाभ मिले।

हर जरूरतमंद तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। यह सिर्फ एक आंकड़ा नहीं, बल्कि हजारों गरीब परिवारों की चिकित्सा सुरक्षा का प्रमाण है। इसके अलावा आरोग्यम मिशन के तहत निकुष्ट उन्मूलन अभियान भी चलाया जा रहा है साथ ही आरोग्यम शिविर में 6500 से अधिक महिलाओं से सम्बंधित बीमारियों की जांच, उपचार भी किया गया है।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह ने बताया कि जागरूकता अभियान के अलावा लगातार शिविर और स्वास्थ्य केंद्रों में विशेष काउंटर स्थापित करने से योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंच सका।

बीपीएल परिवारों को 5 लाख और एपीएल परिवारों को 50 हजार तक का मुफ्त इलाज। 1300 से अधिक बीमारियों का कैशलेस उपचार। सरकारी और निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा है।

कलेक्टर चंदन त्रिपाठी के मेहनत और नियमित मॉनीटरिंग और स्वास्थ्य विभाग की मेहनत के कारण कोरिया जिला स्वास्थ्य सुरक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है। इस उपलब्धि ने कोरिया को प्रदेशभर में स्वास्थ्य योजना क्रियान्वयन का मॉडल जिला बना दिया है और इस तरह पूरे प्रदेश में आयुष्मान कार्ड बनाने में अव्वल स्थान पर पहुंच गया है।

## गेज रोपड़ी बैकुंठपुर में शाखकर्तन कार्यशाला सम्पन्न





**कोरिया बैकुंठपुर।** छग राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ यूनियन मर्यादित बैकुंठपुर कोरिया जिले के नर्सरी गेज रोपड़ी बैकुंठपुर में शाखकर्तन कार्य शाला सम्पन्न हुई। जिसमें कोरिया जिले के फड़ मुंशी एवं प्रबंधक ने भारी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम को अखिलेश मिश्रा एसडीओ वन विभाग ने मां सरस्वती कि छाया चित्र पर दीप प्रज्वल मल्यार्पण कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया। सभी समितियों के सदस्यों को विस्तार से जानकारी दिया गया कि शाखकर्तन कार्य कैसे करना है अच्छी तरह से करें ताकि तेंदूपत्ता अच्छी क्वॉलिटी का हो जो ऊंचे दामों पर विक्रय हो। इसी क्रम में फड़ मुंशी सचिव बलभद्र सिंह ने बताया कि हमारे केंद्र सरकार द्वारा जारी 23 नवंबर 2024 को जन घोषणा के आधार पर लागू किया गया कि सभी फड़ मुंशी को 25000 (पच्चीस हजार) रुपए सालाना दिया जाएगा। लेकिन राज्य सरकार मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वन मंत्री केदार कश्यप द्वारा आज तक यह योजना लागू नहीं किया गया है। इश योजना से फड़ मुंशी वंचित हैं सभी फड़ मुंशी ने हस्ताक्षरित कर ज्ञापन सौंपा। वर्ष 2025 सीजन हेतु समितिवार तेंदूपत्ता की अधिसूचना जारी टोटल 17 समितवार है जिसके अनुसार 70 रुपए शाखकरतन राशि में 231000 स्वीकृत है जिसमें वर्गवार फड़ में राशि अंकित किया गया है।

## संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी ने परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया

**सूरजपुर।** छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल सर्टिफिकेट मुख्य परीक्षा वर्ष-2025 कक्षा 10 वीं के विषय अंग्रेजी (080)की परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा के लिए सूरजपुर जिले के निर्धारित 73 परीक्षा केन्द्रों में कुल परीक्षार्थी की दर्ज संख्या-10219, उपस्थित-9888, अनुपस्थित-331 एवं नकल प्रकरण की कुल संख्या-18 जिनमें संभागीय संयुक्त संचालक, लोक शिक्षण सरगुजा संभाग अम्बिकापुर के द्वारा शा.बा.उ.मा.वि. भैयाथान - 02, शा.उ.मा.वि. सिरसी - 01, शा.उ.मा.वि. दर्रीपारा - 12, शा.उ.मा.वि.।

## डाइट कोरिया में शिक्षण योजना 2025 के लिए कार्यशाला हुई आयोजित, विचार विनिमय किया



**कोरिया बैकुंठपुर।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद ,रायपुर ,छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष भी टीचिंग प्लान कम्पटीशन का आयोजन के क्रम में डी.एल.एड द्वितीय वर्ष के छात्राध्यापकों के लिये टीचिंग प्लान प्रतियोगिता का आयोजन टीचेबल वेब एप के द्वारा 5 मार्च को जिलाशिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कोरिया में सम्पन्न किया गया।

इस प्रतियोगिता में सभी छात्राध्यापकों के लिये पर्यावरण विज्ञान ,विज्ञान ,हिन्दी,अंग्रेजी ,संस्कृत ,गणित एवं सामाजिक विज्ञान विषयों में से कुछ चुनिंदा केस एवं चुनौतियाँ दी गईं जिसमें से सभी प्रतिभागियों ने अपने पसंद के विषय के की चुनौतियों को चुन कर उस पर टीचिंग प्लान योजना का निर्माण किया एवं उसे टीचेबल वेब एप पे अपलोड किया एवं हार्डकोपी जिलाशिक्षा प्रशिक्षण संस्थान कोरिया में जमा किया। इस जमा की गई कुल कापियों में से सबसे बेहतर 2 टीचिंग प्लान (एक प्राथमिक और एक उच्चतर प्राथमिक ) का चयन करके जिलाशिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के द्वारा 10 मार्च 2025 तक राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद ,रायपुर ,छत्तीसगढ़ और स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन के दिये गए ईमेल पे भेजा जाएगा। इस पूरे आयोजन में सभी छात्राध्यापकों ने पूरे उत्साह से भाग लिया,आयोजन की शुरुवात में जिलाशिक्षा प्रशिक्षण संस्थान के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के प्राचार्य एवं सेवा-पूर्व प्रशिक्षण खंड के प्रभारी तथा अन्य फेकल्टिस ने छात्राध्यापकों को सफलता पाने हेतु प्रेरित किया। आयोजन के पश्चात विधयार्थियों ने अपने अनुभव साझा किया जो की बहुत रोचक था।

इस आयोजन के आगामी कड़ी में 5 अप्रेल को प्रत्येक जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से 2 बेस्ट टीचिंग प्लान बनाने वाले 2 छात्राध्यापकों यानि कुल 18 जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से चयनित कुल 36 छात्राध्यापकों के साथ इस प्रतियोगिता का फाइनल राज्य शैक्षिक अनुसंधान परिषद ,रायपुर ,छत्तीसगढ़ में आयोजित किया जाएगा एवं प्राथमिक और उच्चतर प्राथमिक दोनों श्रेणी से प्रथम ,द्वितीय,तृतीय स्थान पाने वाले छात्राध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। आज हुए इस आयोजन में जिलाशिक्षा प्रशिक्षण संस्थान से श्री सोनवानी (प्रिंसिपल), अनिल बंजारे (पीएसटी प्रभारी), कार्तिकेय, शैलेन्द्र एवं स्टरलाइट एडइंडिया फाउंडेशन से हिमांशु राजमाने एवं स्टूडेंट एंबेसडर शुभम उपस्थित थे।

## जिला पंचायत कोरिया में मोहित पैकरा अध्यक्ष, वंदना राजवाड़े उपाध्यक्ष निर्वाचित




**कोरिया बैकुंठपुर।** कोरिया जिले में जिला पंचायत में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण हुई। इसमें जिला पंचायत कोरिया में मोहित पैकरा को अध्यक्ष और श्रीमती वंदना राजवाड़े को उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। निर्वाचन की कार्यवाही पूरी हो जाने के बाद पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर अरुण कुमार मरकाम ने उन्हें प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस दौरान विधायक भईया लाल राजवाड़े और अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। विदित हो कि कोरिया में जिला पंचायत क्षेत्र के पुनर्गठन के बाद कुल दस सदस्य क्षेत्र बनाए गए हैं। इनमें जीतकर आए जिला पंचायत सदस्यों ने आज जिला पंचायत कोरिया में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष पद पर निर्वाचन की प्रक्रिया में भाग लिया। निर्धारित समय अनुसार पहले पीठासीन अधिकारी अरुण कुमार मरकाम के समक्ष अध्यक्ष पद के लिए श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो और मोहित राम पैकरा ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया। सविरोध निर्वाचन की स्थिति में मतदान की प्रक्रिया शुरू की गई। डाले गए मतों की गणना में मोहित राम पैकरा को 6 और श्रीमती सौभाग्यवती सिंह कुसरो को कुल 4 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार मोहित राम पैकरा को पीठासीन अधिकारी ने निर्वाचित घोषित किया। उपाध्यक्ष पद पर केवल श्रीमती वंदना राजवाड़े ने नाम निर्देशन पत्र जमा किया और वह उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुईं। इसके बाद पीठासीन अधिकारी अपर कलेक्टर श्री मरकाम ने निर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को प्रमाण पत्र प्रदान किया। निर्वाचन की प्रक्रिया में सहायक पीठासीन अधिकारी श्रीमती ऋतु साहू और अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, कलेक्टर एवं एस.पी. ने किया जिला जेल बैकुण्ठपुर का निरीक्षण

**कोरिया बैकुंठपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के निर्देशानुसार एवं माननीय उच्चतम न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुपालन में जिला न्यायालय, प्रशासन और पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने जिला जेल बैकुण्ठपुर का निरीक्षण किया। निरीक्षण दल में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मो. रिजवान खान, कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक रवि कुमार कुर्रे, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सुश्री साक्षी दीक्षित, सचिव डी.एल.एस.ए. श्रीमती अमृता दिनेश मिश्रा सहित विजिटर बोर्ड के अन्य सदस्य उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने जेल में बंदियों को प्रदान की जा रही मूलभूत सुविधाओं एवं उनके विधिक अधिकारों की जानकारी ली। यह सुनिश्चित किया गया कि सभी कैदियों को समय पर विधिक सहायता मिले और उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव न हो। इसके साथ ही, जेल परिसर के बुनियादी ढांचे, बैरकों, शौचालयों की स्थिति एवं स्वच्छता की समीक्षा की गई। प्रधान जिला न्यायाधीश एवं कलेक्टर ने बंदियों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जांच की एवं बंदियों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को सुना। इसके अलावा, जेल में स्थापित लीगल एड क्लीनिक की सुविधाओं एवं उनकी प्रभावशीलता का भी मूल्यांकन किया गया। निरीक्षण के दौरान विजिटर बोर्ड के सदस्य मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रशांत सिंह, जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र कुमार गुप्ता, उपसंचालक समाज कल्याण आलोक भवाल, जिला रोजगार अधिकारी रवि शंकर, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र बैकुण्ठपुर एम. बड़ा एवं विजिटिंग लॉयर अजय कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



## चंद्रमणि अध्यक्ष और रेखा उपाध्यक्ष निर्वाचित

**सूरजपुर।** त्रिस्तरीय पंचायत निर्वाचन 2025 अंतर्गत निर्वाचित सदस्यों द्वारा सूरजपुर जिला पंचायत के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का अप्रत्यक्ष रूप में निर्वाचन किया गया। छत्तीसगढ़ पंचायती राज अधिनियम के तहत हुए इस निर्वाचन में जिला पंचायत क्षेत्र क्रमांक 12 प्रतापपुर तृतीय से निर्वाचित जिला पंचायत सदस्य श्रीमती चंद्रमणि देवपाल सिंह पैकरा को निर्विरोध सूरजपुर जिला पंचायत अध्यक्ष के रूप में निर्वाचित किया गया।

## असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल के पदों के लिए साक्षात्कार 9 मार्च को

**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैकुण्ठपुर के तहत एल.ए.डी.सी.एस. योजना के अंतर्गत डिप्टी चीफ लीगल एड डिफेंस काउंसिल और असिस्टेंट लीगल एड काउंसिल के संविदात्मक पदों के लिए साक्षात्कार आयोजित किया जा रहा है। यह साक्षात्कार 9 मार्च 2025 (रविवार) को प्रातः 10 बजे से जिला एवं सत्र न्यायालय, कोरिया, बैकुण्ठपुर में संपन्न होगा। संबंधित अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए अपने प्रवेश पत्र, वैध पहचान पत्र एवं सभी मूल दस्तावेजों सहित निर्धारित समय से 30 मिनट पूर्व परीक्षा केंद्र में उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र जिला न्यायालय की आधिकारिक वेबसाइट https://districts.ecourts. gov. in/korea पर अपलोड कर दिए गए हैं। अभ्यर्थी इस वेबसाइट से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं और निर्धारित तिथि पर साक्षात्कार में सम्मिलित हो सकते हैं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्रीमती अमृता दिनेश मिश्र ने बताया कि यह नियुक्ति प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होगी और योग्य उम्मीदवारों को चयनित करने पर जोर दिया जाएगा।

# सवा 8 लाख की प्रोत्साहन राशि मिली छात्राओं को

**चरचा कालरी।** एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र द्वारा अपने सामाजिक दायित्व निर्वहन के अंतर्गत शैक्षणिक वर्ष 2023 -24 की अवधि में कोरिया जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालयों में विशिष्ट एवं प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले 161 मेधावी छात्र छात्राओं को 8,25000 की प्रोत्साहन राशि एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण मुख्य अतिथि श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी कलेक्टर कोरिया, विशिष्ट अतिथि जितेंद्र कुमार जिला शिक्षा अधिकारी कोरिया, एवं कार्यक्रम के अध्यक्ष बीएन झा मुख्य महाप्रबंधक बैकुंठपुर क्षेत्र के द्वारा किया गया।

इस अवसर पर बैकुंठपुर क्षेत्र के सभी विभागाध्यक्ष ,श्रम संघ पदाधिकारी सहित काफी संख्या में बच्चे और उनके अभिभावक उपस्थित थे कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम मे उपस्थित सभी बच्चों को बहुत-बहुत बधाई ,आज यहां प्रत्येक बच्चे को दी जाने वाली 5000 की राशि आपकी शिक्षा के विकास में कोई बड़ा योगदान नहीं होगा, किंतु यह प्रोत्साहन आपके जीवन के लिए बहुत बड़ा प्रोत्साहन है ,क्योंकि एक मंच में जब आप प्रोत्साहित होते हैं तो आपकी इच्छा और प्रबल हो जाती है कि और अच्छा करें, इससे भी आगे बढ़े एसईसीएल बैकुंठपुर क्षेत्र बधाई का पात्र है जिन्होंने इतनी भारी संख्या में बच्चों को हजारों रूपयो की प्रोत्साहन राशि देकर प्रोत्साहित करने का सराहनीय कार्य किया है निश्चित रूप से यह एक अभिनव पहल है एसईसीएल के द्वारा विभिन्न कोचिंग योजनाओं के



माध्यम से बहुत सारी शिक्षा सुविधा पठन पाठन हेतु दी जा रही हैं आज इस कार्यक्रम में बच्चियों की संख्या काफी ज्यादा है मैं आपको अपनी एक बहुत ही पसंदीदा कविता जिसका शीर्षक *क्योंकि मैं लड़की हूं मुझे पढ़ना है* सुना रही हूं इस कविता को मैं जब भी पढ़ती हूं तो मुझे यह लगता है कि मैं स्कूल की बच्ची हूं और मुझे और बहुत ज्यादा आगे बढ़ाना है आप सभी बच्चों को पीछे नहीं रहना है समाज में अपना स्थान सुस्थापित करना है यह आपकी प्रतिज्ञा और सबसे बड़ा सपना होना चाहिए , महाप्रबंधक झा साहब ने एक बहुत अच्छी बात कही की एक अच्छा इंसान बनना उतना जरुरी है जितना आपको अपना कैरियर बनाना जरूरी लगता है ,मुझे उम्मीद है कि अपने भविष्य को संवारने के लिए और इस समाज का भविष्य बदलने के लिए आगे बढ़कर कार्य करेंगे। कार्यक्रम में बैकुंठपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक बी.एन .झा ने कहा कि एसईसीएल सिर्फ कोयला उत्पादन ही नहीं करता अपितु दिल से समाज को जोड़ता है, हम आपके घर तक ईंधन और बिजली पहुंचाते हैं बल्कि हम आपके समाज को आगे बढ़ने का रास्ता भी बताते हैं, भारत को विकासशील नहीं बल्कि अग्रणी विकसित देश बनाना है इस क्रम में पिछले वर्ष के मेधावी छात्रों को प्रोत्साहित करने का आज अवसर मिला है जिसमें 161 बच्चों को 5000 की प्रोत्साहन राशि और प्रशस्ति पत्र दिया जा रहा है छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने के क्रम में बैकुंठपुर क्षेत्र की महिला मंडल भी प्रति वर्ष बोर्ड के टॉपर बच्चों को प्रोत्साहित करती है एसईसीएल सिर्फ अपने कार्य क्षेत्र ही नहीं अपितु अपने समीप क्षेत्र में भी शिक्षा के बेहतर विकास हेतु समर्पित है इस क्रम में समस्त क्षेत्र व उसके आसपास के क्षेत्र के प्रतिभाशाली बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु चयनित कर उन्हें निशुल्क आवास व कोचिंग सुविधा प्रदान की जाती है पिछले वर्ष 6 बच्चों को उच्च शिक्षा हेतु चयनित किया गया था जिन में से चार बच्चे मेडिकल लाइन में गए हैं इस वर्ष भी 6 बच्चों का चयन किया गया है इसी क्रम में फैशन डिजाइनिंग का 12 माह का निशुल्क कोर्स इंदौर में दिया जाएगा जो बच्चे यह कोर्स करना चाहते हैं वह आवेदन कर सकते हैं कोरबा में सीपेट के माध्यम से 6 महीने का निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमें प्लास्टिक उद्योग से संबंधित प्रशिक्षण होता है इसके माध्यम से भी रोजगार सृजन के अवसर मिलते हैं हम निरंतर शिक्षा के विकास हेतु प्रतिबद्ध हैं किंतु स्थानीय अवसर पर बच्चे रुचि नहीं ले रहे हैं जो बेहद सोचनीय है राष्ट्र को विकसित देश बनाने में आपका अहम योगदान होना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु आर. आर .आर. शुक्ला क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक ,अतुल गुप्ता ऑफिस सुपरीटेंडेंट ,गौरव दुबे उप कार्मिक प्रबंधक विशेष रूप से सक्रिय थे कार्यक्रम में सफल मंच संचालन श्रीमती आराधना सैमुअल के द्वारा किया गया।

### खेल प्रतियोगिता के विजेताओं को किया सम्मानित

**सूरजपुर।** विगत दिनों रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता 2024 का आयोजन किया गया जिसमें सूरजपुर पुलिस के अधिकारी व जवानों ने टेबल टेनिस, हॉकी, खो-खो, फुटबाल व दौड़ प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया और शानदार प्रदर्शन कर जीत दर्ज किया, पुलिस के इन खिलाड़ियों को डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर ने जीत की बधाई दी तथा पूरी टीम को नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया है। बुधवार, 05 मार्च 2025 को राज्य स्तरीय खेलकूद में शामील प्रतिभागियों की टीम जिला पुलिस कार्यालय पहुंची जहां डीआईजी व एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर ने इन्हें जीत की बधाई देते हुए कहा कि जीवन में खेल का विशेष महत्व है, खेलकूद हमें अनुशासित और एकजुट रहना सिखाता है।

## लांबा लेंगे बैठक

**कोरबा।** नगर पालिका परिषद सक्ती के पर्यवेक्षक बनाए गए वरिष्ठ भाजपा नेता आज सक्ती क्षेत्र का दौरा करेंगे। वहां जाकर उपाध्यक्ष पद को लेकर पार्षद व वरिष्ठ भाजपाईयों के साथ चर्चा करेंगे। सक्ती में सर्वसम्मति बनाने का प्रयास होगा। इसी तरह 12 मार्च को छुरी में भी नगर पंचायत उपाध्यक्ष पद के नाम पर रायशुमारी होगी। उपाध्यक्ष पद को लेकर वरिष्ठ नेता हीरानंद पंजवानी, करूणा शंकर देवांगन, श्याम साहू के नाम चर्चा में हैं। हीरानंद पंजवानी उपाध्यक्ष पद के लिए प्रबल दावेदार बताए जा रहे हैं।

## ठेका मजदूरों का प्रदर्शन कल

**कोरबा।** विद्युत मंडल कोरबा पश्चिम में ठेका मजदूरों को पिछले महीने का वेतन अगले महीने के 20 तारीख को मिलता है। इस बार होली 14 मार्च को पड़ने के कारण यहां के ठेका मजदूर समय से पहले वेतन देने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में बिजली कर्मचारी संघ की बैठक हुई जिसमें निर्णय लिया गया कि वेतन की मांग को लेकर कल विद्युत मंडल कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया जाएगा। यह ठेका मजदूर राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल, प्रदेश महामंत्री, नवरतन बरेठ, चंद्रशेखर दुबे, शब्बीर मेमन, केदार राठौर, हेतराम खूंटे, अजय मिश्रा के नेतृत्व में करेंगे।

## अधिकारियों से मिला प्रतिनिधि मंडल

**कोरबा।** पदोन्नति में भेदभाव करने का आरोप लगाते हुए बिजली कर्मचारी संघ का एक प्रतिनिधि मंडल रायपुर जाकर अधिकारियों से मुलाकात की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि विद्युत मंडल में अधिकारियों की पदोन्नति सूची निकाल दी गई है और अभी तक कर्मचारी पदोन्नति का इंतजार कर रहे हैं। राष्ट्रीय सचिव राधेश्याम जायसवाल व प्रदेश महामंत्री नवरतन बरेठ ने कहा कि कर्मचारियों के साथ इस तरह का भेदभाद उचित नहीं है। अधिकारियों ने आश्वासन दिया है कि कर्मचारियों की पदोन्नति सूची कुछ दिनों बाद निकाल दी जाएगी।

## रैली निकालकर जिपं अध्यक्ष का किया स्वागत

**कोरबा।** जिला पंचायत सदस्य डॉ. पवन सिंह को कल निर्विरोध जिला पंचायत अध्यक्ष पद पर चयन किया गया। इस चुनाव के बाद भाजपाईयों ने हर्ष मनाते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. पवन सिंह का जगह-जगह स्वागत किया। जैलगांव चौक में भाजपा नेताओं ने फूल माला पहनाकर स्वागत किया। इसके बाद कटघोरा, सिंघिया में स्वागत कार्यक्रम हुए। तुमान में भाजपाईयों ने रैली निकालकर डॉ.पवन का स्वागत किया। उनके साथ भाजपा के अनेकों कार्यकर्ता व युवा मोर्चा के विवेक मारकण्डे भी थे। इसके पहले डॉ. पवन सिंह का कोरबा में भाजपा नेता राजेश राठौर, डिलेंद्र यादव, योगेश मिश्रा, मनीष मिश्रा, हरीश थरवानी, धनंजय चौहान, कमलेश अनंत, प्रकाश यादव, दीक्षित देवांगन, चुलेश्वर राठौर, सुरेंद्र बहादुर सिंह, आकाश सक्सेना, रामकुमार गभेल, ओमप्रकाश साहू, बृजलाल राठिया, सरजू अजय, रमा मिरी, सुमन सोनी सहित अन्य कार्यकर्ताओं के द्वारा स्वागत किया गया।

## महिलाओं का होगा सम्मान

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन की बैठक आयोजित की गई जिसमें महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष हिरेंद्र चंद्रा व महामंत्री रंजय सिंह उपस्थित थे। जेआरसी क्लब कोरबा पूर्व में महिलाओं का सम्मान किया जाएगा। इस कार्यक्रम में कोरबा एरिया व कुसमुंडा के महिलाओ को आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शैलेंद्र सिंह, संजय सिंह, ललीन पवार, मिरीलाल साहू, बाबूलाल चंद्रा, राजेंद्र यादव, दादूलाल राठौर सहित अन्य कार्यकर्ता जुटे हुए हैं। कोरबा पश्चिम से भी अशोक सूर्यवंशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसकी व्यापक तैयारी की जा रही है।

### डीएमएफ से बनाई जानी है चिर्रा-श्यांग सड़क, कई गांव की होगी कनेक्टिविटी

# घोषणा के एक साल पूरे, 12 करोड़ की सड़क पर एक इंच भी काम नहीं

**कोरबा।** छत्तीसगढ़ सरकार के द्वारा वर्ष 2024 के बजट में कोरबा जिले के अंतर्गत चिर्रा-श्यांग सड़क का निर्माण कराए जाने की घोषणा की गई थी। लोगों ने इसे सकारात्मक अंदाज से लिया और विश्वास किया कि एक वर्ष के भीतर इससे राहत मिल सकेगी। दूसरा बजट आने पर भी इस तरफ एक इंच काम नहीं हो सका है। खबर है कि अब जाकर अनुमति ही मिल सकी है। दूसरी प्रक्रियाएं होंगीं तब इस दिशा में कुछ प्रगति हो सकेगी।

12 करोड़ रुपए की धनराशि चिर्रा-श्यांग सड़क निर्माण पर खर्च होना है। पूरी सड़क की लंबाई 12 किलोमीटर ही है। नए सिरे से किए जाने वाले निर्माण कार्य में अर्थ वर्क और डब्ल्यूबीएम के बाद डामरीकरण कराया जाना है। इसके लिए पिछले वर्ष सरकार को प्रस्ताव दिया गया था उसे अवगत कराया गया था कि यह मार्ग आवश्यक है और सड़क के पक्का नहीं होने से विभिन्न वर्ग की परेशानी बढ़ी हुई है तथा कामकाज प्रभावित हो रहे हैं। मामला जन महत्व का था इसलिए इस पर ध्यान दिया गया और सड़क बनाने के लिए बजट में घोषणा कर दी गई। दो दिन पहले जब प्रदेश सरकार का दूसरा बजट पारित हुआ तो लोगों को पुराना मामला याद आया। नाराजगी इस बात को लेकर है कि सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराने को लेकर किसी भी प्रकार की गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है जिसकी जरूरत थी। कहा जा रहा है कि इस ग्रामीण बेल्ट में 10 से अधिक ग्राम मौजूद हैं जिन्हें कामकाज होने पर अच्छी रोड कनेक्टिविटी मिल सकती है और कई मामलों में सहूलियत मिलने की भी उम्मीद है। लेकिन सरकारी अमले के द्वारा जरूरी प्रक्रियाओं की पूर्ति नहीं करने से लोग ऐसा सोच रहे हैं कि लंबे समय से जो मुश्किलें बनी हुई थी उन्हें आगे और झेलना पड़ सकता है। इसलिए वे स्थिति को लेकर मानसिकता बना रहे हैं।



*लंबे समय से बीहड़ इलाके जैसा दृश्य है इस सड़क का - चंद्रेश कश्यप*

### रामपुर विधायक राठिया ने उठाया था मुद्दा

रामपुर क्षेत्र से निर्वाचित कांग्रेस विधायक फूलसिंह राठिया ने सड़क निर्माण का मुद्दा उठाया था और इसकी प्रासांगिकता बताई थी। इससे पूर्व ननकीराम कंवर के द्वारा भी प्रयास किए गए। काफी समय के बाद सरकार ने सोचा कि इस काम को करा दिया जाना चाहिए। शायद इसलिए इसे पिछले बजट का हिस्सा मान लिया गया।

### विकसित जिले की पहचान और यह हाल...

प्रदेश में कोरबा जिले की पहचान विकसित जिले की है। कई औद्योगिक प्रतिष्ठान और भारी-भरकम फंड इसे दूसरे जिलों से अलग खड़े करते हैं। शहरी क्षेत्र की तस्वीर तो अच्छी है लेकिन ग्रामीण इलाकों का हाल लोगों की पीड़ा को बढ़ाने वाला है।

### अनुमति मिली, टेंडर प्रक्रियाधीन

चिर्रा-श्यांग सड़क निर्माण जिला खनिज न्यास मद से होना है। यह सही है कि पिछले बजट में सड़क की घोषणा की गई थी लेकिन अनुमति का मामला अटका हुआ था जो हाल में ही पूरा हुआ है। इस कार्य से संबंधित टेंडर प्रक्रियाधीन हैं जिसके आगामी दिनों में पूर्ण होने की संभावना है। इसके पूरा होने पर सड़क निर्माण की समयसीमा के अलावा अन्य विषय फाइनल हो सकेंगे। कोशिश होगी कि संबंधित क्षेत्र के लोगों को सुविधा जल्दी मिले।

**- जी.आर. जांगड़े, ईई लोनिवि कोरबा**

## एक और शिक्षक की गायब हुई सेवा पुस्तिका, चिंता ने घेरा




**कोरबा।** पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड का बीईओ कार्यालय सेवा पुस्तिका मामले को लेकर विवादों के घेरे में है। पूर्व हेड मास्टर चंदन सिंह राजपूत की सेवा पुस्तिका जला दी गई जिसकी शिकायत संयुक्त संचालक और पुलिस से की गई है। अब एक नया मामला शेख करीम मोहम्मद का आया है। उन्होंने इस बारे में अधिकारियों को अवगत कराया है और कार्रवाई करने की मांग की है।

चंद्रौटी के सरकारी स्कूल में सहायक शिक्षक एलबी पद पर शेख करीम पदस्थ हैं। 2022 में बीएड का प्रशिक्षण पूरा होने पर उन्होंने इसकी प्रवृष्टि कराने के लिए सर्विस बुक की मांग की थी। द्वितीय प्रति में प्रविष्टि के लिए इसकी जरूरत होती है। पूर्व बीईओ अशोक चंद्राकर के



कार्यकाल में इस बारे में आवेदन दिया गया था। कई चक्कर कटवाने पर भी बात नहीं बनी। बाद में मालूम हुआ कि सेवा पुस्तिका गायब हो गई है। शिक्षक ने बताया कि सेवा पुस्तिका के अभाव में उनके प्रमोशन और क्रमोन्नित पर असर पड़ना स्वाभाविक है। श्वसन संबंधी समस्या से वे पहले से ही जूझ रहे हैं। सर्विस बुक के तमाशे ने उन्हें और परेशान कर दिया है।

पोड़ी उपरोड़ा ब्लॉक में सर्विस बुक गुमने, पार कर देने या जला देने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। इससे कई सवाल खड़े हो गए हैं। कहा जा रहा है कि वसूली के चक्कर में इस प्रकार के खेल को अंजाम दिया जा रहा है ताकि जेब मजबूत हो सके।

## दुष्प्रभाव रहित होली खेलने पलाश ने बिखेरी छंटा



**कोरबा।** होली भारत का एक प्रमुख और रंगों से भरा त्योहार है, जो सदियों से मनाया जाता आ रहा है। इस पर्व का मुख्य आकर्षण रंगों से खेलना है। हालांकि, आधुनिक समय में केमिकल रंगों के प्रचलन ने पर्यावरण और स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डालना शुरू कर दिया है। ऐसे में प्राकृतिक रंगों की ओर लौटने की आवश्यकता महसूस की जा रही है।

कोरबा के ग्रामीण क्षेत्रों में इस वर्ष भी हजारों पेड़ों पर पलाश के फूल खिले हैं, जो एक मनमोहक दृश्य प्रस्तुत कर रहे हैं। पर्यावरणविद् शैलेंद्र नामदेव के अनुसार, प्राचीन काल में जब केमिकल रंग उपलब्ध नहीं थे, तब प्राकृतिक रूप से प्राप्त होने वाले रंगों का उपयोग होली के दौरान किया जाता था। विशेष रूप से पलाश के फूलों से बनाए गए रंग उस समय बहुत लोकप्रिय थे।पलाश जिसे टेसू, ढाक या %फ्लेम ऑफ द फॉरेस्ट% के नाम से भी जाना जाता है, एक ऐसा वृक्ष है, जो विशेष रूप से गर्मियों की शुरुआत में अपने चमकीले नारंगी और लाल रंग के फूलों से पेड़ों को सजाता है।

## अपने और परायों को बहुत जल्द पहचान लेता है ग्रामीण क्षेत्र का एक मोर, सर्वत्र इसकी चर्चा



**कोरबा।** लेमरू गांव में यह मोर जैसे गांव का ही एक सदस्य बन गया है। उसकी दिनचर्या और ग्रामीणों से उसका लगाव एक अनोखा रिश्ता दर्शाता है। सुबह गांव की गलियों में घूमना, लोगों से दाना लेना और शाम को वापस रेंज कार्यालय लौट आना, यह उसकी एक आदत बन चुकी है।

इस मोर की खासियत यह है कि वह बाहरी लोगों को पसंद नहीं करता और अपनी पंख फैलाकर उन्हें दूर करने की कोशिश करता है। उसकी यह हरकत न केवल मनोरंजक है बल्कि दर्शाती है कि वह अपने इलाके से कितना जुड़ा हुआ है। यह नजारा न सिर्फ गांववालों के लिए खास है, बल्कि इसे देखने वाले लोगों के लिए भी एक आकर्षण बन गया है।

### सुरक्षा का भाव करता है चौकन्ना

सामान्य तौर पर मोर को आकर्षक और अंतर्मुखी प्राणी में शामिल किया गया है। उसकी पहचान अपने नृत्य कौशल और ऋतु परिवर्तन के साथ व्यवहार में बदलाव से है। अनजाने लोगों को देखकर जीव जंतु ऐसा आभास करते हैं कि वह खतरे में है इसलिए खुद को आक्रामक दिखाने की कोशिश करते हैं। मोर के साथ भी कुछ ऐसा ही है। कीड़े मकोड़ों को यह जल्दी शिकार बनाता है। यहां तक की जहरीले जीव जंतु इससे खौफ खाते हैं।

**मृत्युंजय शर्मा, वन अधिकारी कोरबा**

## स्वस्थ रहने की गारंटी के लिए योग पर ध्यान करें केंद्रित



### पाड़ीमार क्षेत्र में अंजलि तिवारी का अभियान

**कोरबा ।** कोरबा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में योग को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्तर पर काम किया जा रहा है। विद्यार्थियों से लेकर आम लोगों को इसमें जोड़ा गया है। अंजलि तिवारी के द्वारा बालको नगर क्षेत्र के पाड़िमार विद्यालय और अन्य केदो में योग अभ्यास कराया जा रहा है। लोगों की रुचि इसमें लगातार देखने को मिल रही है।

बालक बालिका महिलाओं सहित 47 लोगों ने अपनी उपस्थिति इस केंद्र में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित की। आयुष केंद्र में अंजलि की पदस्थापना योग शिक्षिका के रूप में की गई है। उन्होंने अपने परफॉर्मेंस को दिखाने के साथ-साथ लोगों को जागरूक करना शुरू किया है। योग और प्राणायाम की विधा में लोगों को दक्ष करने और इसके फायदे बताने का काम भी इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है।

वे यह बताने का प्रयास कर रहे हैं स्वस्थ जीवन शैली के लिए इस प्रकार की पद्धति को अपनाना अत्यंत आवश्यक है और ऐसा करना लोगों के लिए हितकर भी होगा। क्षेत्र के लोगों ने बताया कि आधुनिक जीवन शैली और कोरबा से लेकर औद्योगिक प्रदूषण के कारण कई प्रकार के खतरे हर कहीं बड़े हुए हैं। इस स्थिति में लोगों को समस्याएं तो है ही। समय के साथ वह अपने स्वास्थ्य को लेकर गंभीर होते जा रहे हैं और शायद यही कारण है कि योगाभ्यास की कक्षाएं शुरू होने को यहां पर काफी पॉजिटिव रिस्पांस मिल रहा है।

# नपा उपाध्यक्ष भाजपा पार्षद बनेगा या कंपनी का चेहरा

### भाजपा के राज में कैसी होगी तस्वीर

**कोरबा।** जिले की नगर पालिका परिषद दीपिका में राजेंद्र सिंह राजपूत अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने पर्याप्त अंतर से कांग्रेस के विशाल शुक्ला को नगरी निकाय चुनाव में पराजित किया। नगर पालिका उपाध्यक्ष पद के लिए भाजपा के पास पर्याप्त नंबर हैं। इस पद के लिए अरुणेश तिवारी सहित चार लोगों को दावेदार बताया जा रहा है। लेकिन कहा जा रहा है कि कंपनी भी अपने पार्षद को उपाध्यक्ष बनने के लिए मेहनत कर सकती है। अभी से ही कहा जाने लगा है कि अगर भाजपा संगठन समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी करता है तो आगे गंभीर संकट हो सकते हैं।

21 पार्षद वाली नगर पालिका परिषद दीपिका में इस बार हालत काफी अच्छे हैं। तमाम तरह की परिस्थितियों के बावजूद नगरी निकाय चुनाव में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों ने अच्छा प्रदर्शन किया या फिर ऐसा कहा जा सकता है कि भाजपा की लहर ने उन्हें काफी हद तक सहयोग किया। ऐसे उम्मीदवारों में से कुछ को अपने कामकाज के आधार पर वोट हासिल हुए तो कई चेहरे केंद्र और प्रदेश सरकार की योजना की हवा बहने से अनुकूल स्थिति बनाने में सफल रहे। नगर पालिका अध्यक्ष के प्रत्यक्ष निर्वाचन के बाद अब बारी है उपाध्यक्ष पद के चुनाव की। खबर के अनुसार उपाध्यक्ष पद के लिए अनीता जायसवाल, अरुणेश तिवारी और ज्योति तिवारी के नाम की ज्यादा चर्चा है। इसके पीछे जातिगत से लेकर अनुभव को प्रमुख आधार बताया जा रहा है। क्योंकि राजनीतिक क्षेत्र में बहुत सारे काम करने के लिए योग्यता भी एक बड़ा पैरामीटर हुआ करती है। अब तक यही माना जा रहा है कि इनमें से किसी एक को उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। लेकिन इससे भी अलग लोचा इस बात को लेकर है कि पहले की तरह इस बार भी गरुड़ नगर वार्ड से आलोक परिडा निर्विरोध रूप से पार्षद चुने गए हैं क्योंकि इसके पीछे लंबे समय से एक जैसा गणित काम करता रहा है और इसलिए दूसरी संभावना यहां पर डीएक्टिव हो जाती हैं। सूत्रों का कहना है कि अगर कंपनी का जोर चलना तो उपाध्यक्ष पद पर अप्रत्याशित रूप से आलोक फाइनल हो सकते हैं। दूसरी ओर चयन प्रक्रिया से पहले ही इस बात को लेकर विरोध के स्वर तेज हो गए हैं। कई भाजपा पार्षद और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता कह रहे हैं कि सरकार हमारी है इसलिए सब कुछ काम ट्रांसपेरेंसी से होना चाहिए।

## इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड में दीपांशु को 28वीं रैंक

**कोरबा।** रामसागरपारा दर्री रोड निवासी दीपांशु सोनी को इंटरनेशनल हिंदी ओलंपियाड 2024-25 में इंटरनेशनल 28वीं रैंक हासिल हुई है। वे जोनल में 19वें और रिजनल में 25वें स्थान पर हैं। जबकि स्कूल में उसकी रैंकिंग दूसरे क्रम पर है। उन्होंने गोल्ड मेडल ऑफ डिस्टेंशन, सर्टिफिकेट ऑफ डिस्टेंशन और सर्टिफिकेट ऑफ जोनल एक्सीलेंस के जोनल अवार्ड की पात्रता प्राप्त की है। राजू-मिनाक्षी सोनी के पुत्र दीपांशु एनईपीएस में क्लास-4 के विद्यार्थी हैं जहां पर हाल में ही सुपर-30 पटना के संस्थापक पद्मश्री आनंद प्रकाश



का आना हुआ। आनंद प्रकाश के द्वारा कार्यक्रम में उपस्थिति और मार्गदर्शन से विद्यार्थियों का भरोसा बढ़ा है। उन्होंने शिक्षा पर समर्पण दिखाने की बात कही।










स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com